✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ पटना संस्करण

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 77 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, बुधवार, 12 अगस्त 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायत सुनते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में रोजगार खोजने में सरकार करेगी सहयोग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विदेश में काम करने को इच्छुक बिहारियों को रोजी-रोजगार खोजने में युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग सहयोग करेगा। इसके लिए विभाग ने स्किल इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना करने का निर्णय लिया है। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सहयोग से खुलने वाले इस सेंटर के माध्यम से इच्छुक बिहारियों को विदेशों में काम मिल सकेगा। अधिकारियों के अनुसार इस केंद्र की सहायता से राज्य के युवाओं को वैश्विक मोबिलिटी पाथवे का सृजन होगा। बिहार राज्य ओवरसीज प्लेसमेंट ब्यूरो के तहत युवाओं को विदेशों में रोजगार मिल सकेगा।

### बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मौत

**बांका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सुईया थाना क्षेत्र स्थित बोड़ा गांव में मंगलवार दोपहर बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। खेत में रोपणी का काम करने के दौरान हादसा हुआ। मृतकों की पहचान बोड़ा गांव निवासी कुसमी देवी (45), रेणु देवी (39) और रिंकू देवी (करीब 40) के रूप में की गयी है। वहीं हादसे में घायल साथ 10 वर्षीय सौरभ कुमार और 13 वर्षीय रानी कुमारी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 17 तक पूरी तरह पेपरलेस हो जायेंगे सभी निबंधन कार्यालय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव नवीन कुमार ने मंगलवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभाग के वरीय एवं प्रमंडलीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान कई निर्देश दिये। सचिव ने कहा कि 17 अगस्त तक सभी 141 निबंधन कार्यालयों में दस्तावेजों के निबंधन की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस करने का लक्ष्य है। सचिव ने कहा कि अब तक दो चरणों में 50 निबंधन कार्यालयों में निबंधन की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस कर दिया गया है। जिन जिलों में पेपरलेस निबंधन की संख्या कम है, वहां संबंधित जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पेपरलेस निबंधन में तेजी लाने का निर्देश देने को कहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से गयी मां-बेटी की जान

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर सोफवा गांव के समीप विद्युत खंभा संख्या 243/19 के पास मंगलवार को दर्दनाक हादसे में मां और पांच साल की बेटी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों किराना दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज की ओर जा रही 63341 मेमो पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गईं। मृतकों की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के सोफवा गांव निवासी सकेश चौधरी की पत्नी जानकी देवी और उनकी पांच वर्षीय बेटी पिंजल कुमारी के रूप में हुई है।

सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने 181 मामलों का किया निष्पादन

# जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही बिहार सरकार : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को 'राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में कुल 181 आवेदक उपस्थित हुए, जिनके मामलों का निष्पादन किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबद्ध विभाग शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। जो भी अधिकारी या कर्मी आवेदन के निष्पादन में सहयोग नहीं करते हैं, कार्य में शिथिलता बरतते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।



सहयोग शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है और जिन आवेदकों को अब भी अपने आवेदन के निर्णय पर आपत्ति है, उनके लिए राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है ताकि उनकी शिकायतों का पुनः परीक्षण कर न्यायसंगत एवं त्वरित निर्णय लिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा के अंदर जनता की समस्याओं का निष्पादन करें। समस्याओं का निष्पादन कर जनता को संतुष्ट करना है। राज्य सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के माध्यम से शिकायतों का निष्पक्ष समाधान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय सुनिश्चित कर जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव सहित संबद्ध विभागों के मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव एवं आवेदक उपस्थित थे।

# लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर एसवीयू के छापे

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने एक और अधिकारी पर शिकंजा कसा है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता हरेन्द्र कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को जांच एजेंसी की अलग-अलग टीमों ने पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के फ्लैट नंबर 307, जनक नंदिनी अपार्टमेंट, महावीर नगर, बेउर चौराहा स्थित छह मंजिला मकान, वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र में सिमरवारा गांव और बांका स्थित लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता के दफ्तर समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की है। विशेष निगरानी इकाई के अनुसार हरेन्द्र कुमार के खिलाफ 10 अगस्त 2026 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के अगले ही दिन यानी 11 अगस्त को एजेंसी की टीमों ने उनके अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के लिए एसवीयू की टीम पटना के महावीर नगर स्थित जनक नंदिनी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 307 पहुंची। यह ठिकाना पत्रकार नगर थाना क्षेत्र में आता है। इसके अलावा पटना के बेउर चौराहा स्थित छह मंजिला मकान में भी तलाशी ली जा रही है। यहां से संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। जांच एजेंसी की एक टीम वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र स्थित सिमरवारा गांव के परिसर में भी तलाशी ले रही है। वहीं हरेन्द्र कुमार की वर्तमान पोस्टिंग वाले बांका स्थित लघु जल संसाधन विभाग के कार्यालय में भी एसवीयू की टीम पहुंची है। यहां विभागीय दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

# वंदे मातरम के अपमान पर होगी तीन साल तक की जेल

राष्ट्रपति मुर्मू ने विधेयक को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन में जान-बूझकर बाधा डालने या उसे रोकने वालों के खिलाफ अब सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है जिससे राष्ट्रगीत वंदे मातरम को भी राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान ही कानूनी संरक्षण प्राप्त हो गया है। वंदे मातरम विधेयक 29 जुलाई को राज्यसभा और 30 जुलाई को लोकसभा से पारित हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। नए कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति जान-बूझकर वंदे मातरम के गायन को रोकता है या इसे गा रही किसी सभा में व्यवधान डालता है तो उसे अधिकतम तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति दोबारा या बार-बार यह अपराध करता है तो उसे कम से कम एक साल की अनिवार्य जेल की सजा भुगतनी होगी। अब तक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत केवल राष्ट्रगान 'जन गण मन' के अपमान पर ही सजा का प्रावधान था। पुराने कानून में राष्ट्रगीत के लिए ऐसा कोई विशिष्ट सुरक्षात्मक दायरा नहीं था जिसे अब धारा तीन में संशोधन करके जोड़ दिया गया है।

# 14वीं जेपीएससी और दो बैकलॉग परीक्षाएं होंगी रद्द : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा में बड़ा एलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर है और जेपीएससी व जेएसएससी से जुड़े मामलों की जांच कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि 14वीं जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा समेत वर्ष 2023 और 2025 में जेपीएससी द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं को रद्द किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 11वीं और 13वीं जेपीएससी परीक्षा, एफआरओ, एपीपी तथा टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं की भी जांच कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के इस एलान के बाद जेएसएससी सीजीएल परीक्षा भी जांच के दायरे में आ गई है। दरअसल टीडीपीएल ने ही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का आयोजन किया था। ऐसे में सरकार के फैसले को प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच के तौर पर देखा जा रहा है। विधानसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार का पक्ष



रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में व्यापक सुधार की जरूरत है। सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन और पूरी प्रक्रिया में सुधार को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। सीएम ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से भी सलाह लेगी। इसके लिए आईआईटी, आईआईएम और एक्सएलआरआई समेत देश के बड़े शैक्षणिक एवं प्रबंधन संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। छात्रों के मुद्दे पर विपक्ष के हमले के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर भी तीखा राजनीतिक हमला किया। उन्होंने कहा कि पहले बीजेपी के लोग गेरुआ वेश में लोगों को ठगते थे और अब छात्रों के वेश में लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक देखने को मिली। छात्रों की मांगों और परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर बीजेपी विधायक लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए सरकार की ओर से छात्रों के मुद्दे पर संवेदनशीलता बरतने की बात कही। मुख्यमंत्री की घोषणा को जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा विवाद के बीच सरकार की ओर से अब तक के सबसे बड़े फैसलों में से एक माना जा रहा है। इससे जहां कई परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के बीच नई उम्मीद जगी है, वहीं रद्द होने वाली परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के सामने आगे की प्रक्रिया और नई परीक्षा की तारीख को लेकर सवाल भी खड़े हो गए हैं।

# शहीद दिवस पर याद किये गये अमर स्वतंत्रता सेनानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहीद दिवस के अवसर पर 11 अगस्त 1942 को आजादी के मतवाले सात अमर शहीदों यथा उमाकांत प्रसाद सिंह, रामानन्द सिंह, सतीश प्रसाद झा, जगतपति कुमार, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह एवं राम गोविन्द सिंह की दी गई कुर्बानियों को याद किया गया और उन्हें शत्-शत् नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजकीय समारोह का आयोजन शहीद स्मारक परिसर में किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक



श्याम रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त मयंक वरवड़े, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, अमर शहीदों के परिजन एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित मंत्रिगण, विधायकगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बिहार विधानमंडल प्रांगण स्थित शहीद पार्क में जाकर अमर ज्योति के समक्ष पुष्प चक्र अर्पित किया एवं स्वतंत्रता संग्राम के तमाम अमर शहीदों को नमन करते हुये अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया।

# वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रजौली प्रखंड के अमावां पश्चिमी पंचायत के दरियापुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सभी की पहचान सीतामढ़ी निवासी के तौर पर हुई है। मृतक आपस में रिश्तेदार भी हैं। सीतामढ़ी से 12 लोगों की टीम यहां गांव में खेती के दौरान मजदूरी करने आई थी। गांव के स्थानीय किसान मनोज यादव के खेत में धान की रोपाई कर रहे मजदूरों पर अचानक तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली (वज्रपात) आ गिरी। वज्रपात का झटका इतना जोरदार था कि खेत में काम कर रहे तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले तीनों मजदूर आपस में रिश्तेदार थे, जिनमें एक चाचा और उनके दो चचेरे भाई शामिल हैं। मृतकों की पहचान सीतामढ़ी जिले के मधेशरा गांव निवासी 60 वर्षीय मनी मांझी, रामप्रीत मांझी के 20 वर्षीय पुत्र राजेंद्र मांझी तथा इंदल मांझी के 18 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत मांझी के रूप में हुई है। वहीं सीतामढ़ी के मधेशरा गांव के रघुवीर कुमार इस आकाशीय कहर के बीच जीवित बच गया।






# जन्म, मृत्यु और वंशावली प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर नया निर्देश जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने जन्म, मृत्यु और वंशावली प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर नया निर्देश जारी किया है। अब इन प्रमाण पत्रों से जुड़े काम में नोटरी पब्लिक के बनाए गए शपथपत्र को मान्यता देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। सरकार के इस फैसले से अंचल कार्यालयों में प्रमाण पत्र बनवाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। बिहार सरकार के संयुक्त सचिव नीतीश कुमार ने इस संबंध में योजना एवं विकास विभाग, पटना के सचिव और लखीसराय डीएम को आदेश भेजा है। आदेश में कहा गया है कि जन्म, मृत्यु और वंशावली प्रमाण पत्र से जुड़े काम में नोटरी पब्लिक द्वारा बनाए गए शपथपत्र को मान्यता दी जाए। इसका सीधा फायदा उन लोगों को मिलेगा जिन्हें जन्म, मृत्यु या वंशावली प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालय जाना पड़ता है। शपथपत्र को लेकर अगर किसी तरह की परेशानी आती है तो उसे दूर करने के लिए भी कहा गया है। सरकार की ओर से जारी आदेश में मुख्य सचिव के पहले दिए गए निर्देश का भी जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि नोटरी द्वारा बनाए और दर्ज किए गए शपथपत्र को कानून के अनुसार सही माना जाता है। संयुक्त सचिव ने मुख्य सचिव के निर्देश के आधार पर संबंधित अधिकारियों को जन्म, मृत्यु और वंशावली प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों में जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। सरकार के इस निर्देश के बाद जन्म, मृत्यु और वंशावली प्रमाण पत्र बनवाने वाले लोगों को अंचल कार्यालयों में शपथपत्र की मान्यता को लेकर होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

# कर चोरी के खिलाफ संबंधित विभाग ने चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वाणिज्य कर विभाग ने मगध प्रमंडल में कर चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है। इस सघन छापेमारी में बिना कागजात के सामान ले जा रही 16 गाड़ियां पकड़ी गई हैं। जब्त किए गए वाहनों में पेंट, सीमेंट, कोयला और विभिन्न प्रकार के सामान लदे थे, जिनका अब भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। मगध प्रमंडल वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) मोहन कुमार ने बताया कि मगध प्रमंडल के गया जी शहर सहित जिले के डोभी, नवादा व भभुआ में कर चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में गया जी शहर व जिले के डोभी क्षेत्र से बिना कागजात सामान लदी चार, नवादा जिले से दो व भभुआ से दो गाड़ियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद औरंगाबाद, जहानाबाद व सासाराम जिले में उक्त कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में औरंगाबाद जिले से दो, जहानाबाद से दो व सासाराम से चार गाड़ियां बिना कागजात सामान लदी पकड़ी गईं। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई गाड़ियों पर लदे सामानों का ई-वे बिल व कागजातों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। कागजात दिखाने व सामानों का भौतिक सत्यापन के बाद कर व जुर्माने की राशि निर्धारित कर संबंधित व्यापारी से वसूली जाएगी। राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) मोहन कुमार ने बताया कि गया शहर व जिले के डोभी, नवादा व भभुआ से पकड़ी गई गाड़ियों पर पेंट, नमकीन, सीमेंट, कोयला, मिक्स्ड गुड्स सहित कई अन्य किस्म के सामान लदे हैं। वहीं, औरंगाबाद, सासाराम व जहानाबाद से पकड़ी गई गाड़ियों पर लोहा, कोयला, खाद, लुब्रिकेंट, प्लाईवुड, पीवीसी पाइप व कई अन्य किस्म के सामान लदे हैं जिनका भौतिक सत्यापन व जुर्माने की राशि निर्धारित कर संबंधित व्यापारी से वसूली जाएगी।

# कृषि क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान एवं नवाचारों का लाभ आमजनों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता

## शोध के साथ बाजार की उपलब्धता भी जरूरी : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हैदराबाद/पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार में कृषि क्षेत्र को नई तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से जोड़ने के लिये प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल एवं निदेशक, उद्यान-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बागवानी मिशन/बिहार फल एवं सब्जी विकास निगम अभिषेक कुमार के साथ हैदराबाद के पटनचेरु स्थित अंतर्राष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आइसीआरआइएसएटी के वैज्ञानिकों





एवं विशेषज्ञों के साथ बिहार में कृषि विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा बिहार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स वैल्यू चेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। आइसीआरआइएसएटी जीनबैंक के प्रमुख डॉ. कुलदीप सिंह ने परियोजना के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति तथा बिहार में मिलेट्स आधारित मूल्य श्रृंखला के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि बिहार में कृषि की नई संभावनाओं को किसानों की समृद्धि से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आधुनिक अनुसंधान, उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक शोध को खेतों तक पहुंचाकर कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों की आय और आजीविका को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आइसीआरआइएसएटी जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ तकनीकी एवं वैज्ञानिक सहयोग बिहार में कृषि के क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार में श्री अन्न (मिलेट्स) का उत्पादन हो रहा है, लेकिन किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य तभी मिल सकेगा जब मिलेट्स के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो, मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा मिले तथा उत्पाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रभावी बाजार व्यवस्था विकसित की जाए। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स वैल्यू चेन परियोजना के अंतर्गत हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के बीच श्री अन्न (मिलेट्स) के लाभों के संबंध में व्यापक जागरूकता आवश्यक है। किसानों को पारंपरिक फसल प्रणालियों की तुलना में मिलेट्स के पोषण एवं कृषि संबंधी लाभों की जानकारी उपलब्ध कराकर इसके उत्पादन एवं उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

# सचिवालय पर तिरंगा फहराने के प्रयास में शहीद सात छात्रों को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की ओर से उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने आज वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सचिवालय में तिरंगा फहराने के प्रयास में शहीद हुए सात छात्रों की सप्तमूर्ति स्थित आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार विधान सभा परिसर स्थित 'अमर जवान ज्योति' पर भी माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का



बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात बिहार विधान सभा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी 'अमर जवान ज्योति' पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में बिहार के इन सात छात्रों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का प्रयास किया था और इस दौरान शहीद हो गए थे। उनकी शहादत बिहार के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में गौरवपूर्ण अध्याय है।

# तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशभर में आयोजित की जा रही तिरंगा यात्राओं के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, त्याग, शौर्य और गौरव का प्रतीक है। देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का आयोजन राष्ट्र के प्रति सम्मान और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवा शक्ति और आम नागरिकों को राष्ट्र प्रथम की भावना से जुड़ने का अवसर मिलता है। तिरंगे का केसरिया रंग साहस और त्याग, श्वेत रंग सत्य एवं शांति तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का प्रतीक है। ध्वज के मध्य स्थित अशोक चक्र निरंतर कर्म, प्रगति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। तिरंगा यात्राओं के माध्यम से देश उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है। बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत करती है। उन्होंने युवाओं से तिरंगा यात्रा के संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने देशवासियों से उत्साह और अनुशासन के साथ तिरंगा यात्राओं में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की।

# बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल के बीच वॉलंटियरशिप एवं इंटर्नशिप हेतु एमओयू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल, पटना (एनजीओ) के बीच वॉलंटियरशिप, इंटर्नशिप एवं शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास, फील्ड आधारित प्रशिक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के अवसर प्रदान करना है। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न इंटर्नशिप एवं स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, व्यावसायिक कौशल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होगा।

कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं करियर विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# बिहार की विरासत बनेगी विकास और रोजगार की नई ताकत : डॉ. संतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार में पर्यटन विकास को गति देने की राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गया-बोधगया और नालंदा-राजगीर के समग्र विकास के लिए तैयार 2,130 करोड़ रुपये की प्रस्तावित योजना बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने वाली है। इसमें गया-बोधगया के लिए 1,080 करोड़ रुपये तथा नालंदा-राजगीर के लिए 1,050 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। राज्य सरकार ने इन योजनाओं के लिए केंद्र से शीघ्र सैद्धांतिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है। डॉ. सुमन ने कहा कि भगवान बुद्ध की ज्ञानभूमि बोधगया और प्राचीन नालंदा की विश्वविख्यात ज्ञान परंपरा बिहार की अमूल्य धरोहर है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने कालीघाट मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में सपरिवार विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता काली से देश एवं बिहार की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कालीघाट शक्तिपीठ देश की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां माता काली के दर्शन और पूजा-अर्चना उनके लिए श्रद्धा तथा आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना का विशेष महत्व है। मां काली को शक्ति, साहस तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बिहारवासियों सहित देश के सभी नागरिकों के सुख, स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कालीघाट मंदिर की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की विविध आध्यात्मिक परंपराएं देश की सांस्कृतिक एकता और समृद्ध विरासत को मजबूत करती हैं।

# युवा देश की ऊर्जा और प्रगति के असली संवाहक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के समस्त युवाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवा देश की ऊर्जा और प्रगति के असली संवाहक हैं। युवाओं की प्रतिभा, क्षमता और सकारात्मक सोच राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं की समस्याओं, उनकी आवाज और उनके अधिकारों को वैश्विक स्तर पर उजागर करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1999 में 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था। पहली बार 12 अगस्त 2000 को पूरी दुनिया में यह दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की आधिकारिक विषय-वस्तु 'विभिन्न संदर्भ, समान आकांक्षाएं' है। यह विषय रेखांकित करता है कि युवाओं की जीवन परिस्थितियां और स्थानीय वास्तविकताएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन बेहतर भविष्य, गरिमा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसरों की उनकी आकांक्षाएं समान हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करते हुए राष्ट्र के विकास और सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

# शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में सबका सहयोग अपेक्षित : मिथिलेश तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि स्कूल से निकलने के बावजूद स्कूल के प्रति पूर्ववर्ती छात्रों की जिम्मेवारी कम नहीं है। बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में सभी को मिलकर काम करना होगा। पूर्ववर्ती छात्र स्कूल के अध्यापन कार्य में भी अपना सहयोग दें। शिक्षा मंत्री पटना कॉलेजिएट स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन के मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पटना कॉलेजिएट स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन से जुड़े पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा संगठन से जुड़े सदस्यों के दुर्घटना बीमा, सदस्यों के दुख-सुख में शामिल होने, स्कूल और छात्रों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि एसोसिएशन का यह प्रयास अनुकरणीय है।

# जन्दाहा में तकनीकी शिक्षा का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** तेजी से बदलते डिजिटल दौर में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आधुनिक और रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 20 वर्षों के अनुभव के साथ संस्थान ने क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास के एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान द्वारा डिजिटल युग की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप विभिन्न रोजगारपरक एवं करियर-उन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल



मार्केटिंग, टैली प्राइम वीथ जीएसटी, डी.सी.ए, ए.डी.सी.ए, ए.डी.आई.टी तथा कौशल युवा कार्यक्रम प्रमुख हैं। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल ज्ञान के साथ-साथ रोजगार एवं करियर निर्माण के लिए आवश्यक व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल प्रदान करना है। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। तकनीकी एवं डिजिटल कौशल अब करियर विकास का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। एकेडमी ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहुंच को और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी की नई शाखा खोलने के इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थान एकेडमी से संपर्क कर सकते हैं। शाखा विस्तार से संबंधित विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किए जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** व्यापारियों के हित में कार्य कर रही सामाजिक संस्था ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन 30 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर दिल्ली में व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। समारोह में राजनेता, ब्यूरोक्रेट्स, मीडियाकर्मी एवं व्यापारी (मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स) शामिल होंगे। ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय महामंत्री दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव ने बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले सभी उद्यमियों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा व्यापारी छोटा हो या बड़ा दोनों एक सामान्य है, कड़ी मेहनत के बाद अपना उद्योग चलाते हैं, अपना तथा



अपने सहकर्मियों का पेट पालते हैं, अपने सहकर्मियों को रोजगार देते हैं जो बहुत बड़ा धर्म है और सरकार को सभी प्रकार का टेक्स भी देते हैं। ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन सभी व्यापारियों का सम्मान करती हैं। सुशील श्रीवास्तव ने कहा व्यापारी वर्ग के समक्ष जितनी अड़चनें और उलझनें है संभवतः उतनी किसी अन्य के पास नहीं, कोई भी कारोबार छोटा हो या बड़ा मुनाफे से ज्यादा खर्च पहले नजर आता है।

# सावन महोत्सव में बिखरे कला, संस्कृति और प्रतिभा के रंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सावन की हरियाली, बिहार की समृद्ध लोक-संस्कृति, कला, संगीत और प्रतिभा को समर्पित 'सावन महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन हुनर के तत्वावधान में किंग्स रिसोर्ट, जगनपुरा, पटना में किया गया। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, फिल्म एवं मनोरंजन जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा से जुड़े वरुण सिंह, कला संस्कृति के प्रदेश अध्यक्ष, अमर शौर्य एवं रंजन सिंह सहित फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों एवं फिल्म निर्माताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत



की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रवि शंकर चौधरी एवं उनकी पत्नी पूजा चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। दोनों ने हुनर की डायरेक्टर मनीषा मिश्रा द्वारा तैयार किए गए हाथ से निर्मित मिथिला कला से सजे कुर्ता एवं साड़ी पहनकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पारंपरिक परिधान के माध्यम से बिहार की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने का यह प्रयास कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। साथ ही बॉलीवुड एक्टर रवि सुधा चौधरी को हुनर का ब्रैंड एम्बेसडर बनाया गया। प्रसिद्ध फ्लूट आर्टिस्ट पलक जैन ने अपनी मनमोहक बांसुरी प्रस्तुति से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। वहीं मुन्ना सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। प्रसिद्ध एंकर एवं कॉमेडियन राज सोनी ने अपनी शानदार एंकरिंग, हास्य अंदाज और मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने की बंधन कॉन्ट्रा फंड के लांच की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बंधन म्यूचुअल फंड ने आज बंधन कॉन्ट्रा फंड के लांच की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो विपरीत (कॉन्ट्रेरियन) निवेश रणनीति का अनुसरण करती है। इस फंड का उद्देश्य ऐसे मूलभूत रूप से मजबूत व्यवसायों की पहचान करना है जो सेक्टर-स्तरीय चिंताओं, चक्रीय चुनौतियों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं या मौजूदा बाजार धारणा के कारण अस्थायी रूप से निवेशकों की पसंद से बाहर हों, लेकिन समय के साथ धारणा और मूलभूत कारकों में सुधार होने पर जिनके पुनर्मूल्यांकन (री-रेटिंग) की संभावना हो। न्यू फंड ऑफर सोमवार, 10 अगस्त को खुलेगा और सोमवार, 24 अगस्त को बंद होगा। बंधन कॉन्ट्रा फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म तथा सीधे वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। बन्धन कॉन्ट्रा फंड के बारे में बात करते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा बंधन कॉन्ट्रा फंड ऐसे समय में लॉन्च किया गया है जब विभिन्न सेक्टरों के वैल्यूएशन में अंतर काफी बढ़ गया है जिससे चुनिंदा कॉन्ट्रेरियन निवेश के अवसर पैदा हुए हैं। कई सेक्टर और कंपनियां मजबूत कारोबारी मॉडल, आय में सुधार की बेहतर संभावनाओं और सुदृढ़ बैलेंस शीट के बावजूद अभी भी अपनी दीर्घकालिक क्षमता से कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रही है।

# नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना की एन.एस.एस. इकाई की ओर से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों पोथी-पतरी फाउंडेशन के सहयोग से मेंस्ट्रूअल कप अवेयरनेस प्रोग्राम एवम भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का आयोजन किया गया। मेंस्ट्रूअल कप जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. पद्मिनी कुमारी ने विद्यार्थियों को महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पोथी-पतरी फाउंडेशन की रिचा सिंह राजपूत ने




महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आए सुबोध एवं बीना ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार एवं डॉ. शिरीन मसरूर ने दोनों जागरूकता कार्यक्रमों में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# संग्रहालयों को ज्ञान, शोध और अध्ययन के स्थान बनाए जाएं : मंत्री

## कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया वाचनालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और जनसेवा के मूल्यों को समर्पित रहा। उनके जीवन और विचारों से जुड़ा कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र रहा है। अब यहां शुरू हुए वाचनालय से विद्यार्थी और शोधार्थी कर्पूरी ठाकुर के जीवन, विचारों के साथ बिहार के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। यह बातें कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने मंगलवार को पटना में 01 देशरत्न मार्ग स्थित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में



वाचनालय (रीडिंग रूम) के उद्घाटन के दौरान कही। मंत्री ने कहा कि कला एवं संस्कृति विभाग का प्रयास है कि राज्य के संग्रहालयों को केवल देखने की जगह तक सीमित न रखा जाए। बल्कि उन्हें ज्ञान, अध्ययन और शोध के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय की शुरुआत इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद 18 अप्रैल 2026 को इस संग्रहालय का भ्रमण किया था। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए बेहतर अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाचनालय स्थापित करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संग्रहालय में वाचनालय तैयार किया गया जिसका विभागीय मंत्री के द्वारा मंगलवार को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन से पहले मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने संग्रहालय परिसर में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं का भ्रमण किया। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं जैसे वस्त्र, चश्मा और अन्य सामान को देखा। साथ ही उनके कक्षों का निरीक्षण कर उनसे जुड़ी स्मृतियों की जानकारी ली।

**युवाओं से बातचीत कर सुविधाओं की ली जानकारी**

वाचनालय में अध्ययन कर रहे युवाओं और विद्यार्थियों से मंत्री ने बातचीत की। उन्होंने उनकी पढ़ाई, रुचियों और वाचनालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने युवाओं से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि वाचनालय में विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अध्ययन की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे संग्रहालय में आने वाले लोगों को बिहार के इतिहास, कला, संस्कृति और सामाजिक विरासत से जुड़े विषयों को पढ़ने और समझने का अवसर मिलेगा।

# गांधी मैदान में दिखेगी मां मुंडेश्वरी धाम की भव्य झांकी, बिहार की धार्मिक और प्राकृतिक विरासत का होगा दीदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इस बार स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में गांधी मैदान सिर्फ देशभक्ति के रंग में ही नहीं रंगेगा, बल्कि बिहार की समृद्ध धार्मिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक भी यहां दिखेगी। समारोह में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से कैमूर के प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम पर आधारित भव्य झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इको टूरिज्म की थीम पर तैयार की जा रही यह झांकी लोगों को बिहार के प्राचीन धार्मिक स्थलों के साथ-साथ राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती से भी रूबरू कराएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर विभाग ने झांकी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। झांकी में कैमूर की पंवरा पहाड़ी पर करीब 600 फुट की ऊंचाई पर स्थित ऐतिहासिक मुंडेश्वरी मंदिर को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। प्राचीन धार्मिक स्थल के रूप में अपनी पहचान रखने वाला यह मंदिर बिहार के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन केंद्रों में भी शुमार है। इस विशेष झांकी की खासियत सिर्फ मुंडेश्वरी धाम तक सीमित नहीं रहेगी। इसके माध्यम से बिहार के अलग-अलग हिस्सों में फैली प्राकृतिक संपदा को भी एक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। मुंगेर स्थित भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य की प्राकृतिक छटा भी झांकी में देखने को मिलेगी। यहां के घने साल वन और गर्म जलस्त्रोतों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। इससे लोगों को बिहार के वन और वन्यजीव पर्यटन की संभावनाओं की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व की अद्भुत प्राकृतिक छटा को भी दर्शाया जाएगा। जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक वातावरण के माध्यम से राज्य के प्रमुख इको टूरिज्म स्थलों की विशेषताओं को सामने लाने की कोशिश की जाएगी। विभाग का उद्देश्य झांकी के माध्यम से लोगों को बिहार की प्राकृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही पर्यटन की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना है।

CMYK

# स्वतंत्रता दिवस पर डिहरी में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं ने जगाया देशभक्ति का जज्बा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्र के 79वें स्वतंत्रता दिवस और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत डिहरी में सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिहरी के अंतर्गत कार्यरत एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सुबह 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिहरी परिसर से हुई। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ता 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाते हुए अनुमंडल कार्यालय, डिहरी होते हुए एनिकट रोड के रास्ते प्रखंड कार्यालय पहुंचे। मार्ग में स्थानीय लोगों ने भी तिरंगा लहराकर और पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना है। साथ ही राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इसके ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना भी यात्रा का उद्देश्य रहा। एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने लोगों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा स्वच्छता के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की भी बात कही गई। यात्रा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सफल बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डिहरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा को सफल बनाया, वह सराहनीय है। उन्होंने आम नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। रोहतास जिले में 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में डिहरी अनुमंडल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए संकल्प लिया।

# रोहतास में बिहार योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की महासचिव डॉ. रानी कुमारी का दौरा

## रोहतास में स्टेट चैंपियनशिप कराने का प्रस्ताव, प्रखंड स्तर तक योग पहुंचाने पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रोहतास/तिलौथू।** बिहार योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की महासचिव डॉ. रानी कुमारी एवं टेक्निकल डायरेक्टर अभिजीत कुमार का रोहतास आगमन हुआ। इस दौरान रोहतास जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की महासचिव सावली सिन्हा के नेतृत्व में जिला स्तर पर योगासन खेल को और मजबूत एवं व्यापक बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक तिलौथू स्थित जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश के आवास पर आयोजित की गयी जिले में अधिक से अधिक बच्चों को योगासन से जोड़ने, सभी प्रखंडों से प्रतिभाओं को सामने लाने, प्रशिक्षित कोच तैयार करने तथा खेल गतिविधियों को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में आगामी वर्ष होने वाली स्टेट चैंपियनशिप को रोहतास जिले में आयोजित कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रोहतास में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। टेक्निकल डायरेक्टर अभिजीत कुमार ने आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के बाद जोनल चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इसमें 6 से 28 वर्ष तक के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रत्येक जिले में एक सप्ताह का कोच एवं एथलीट प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि अधिक से अधिक प्रशिक्षित कोच तैयार किए जा सके और योगासन को प्रखंड स्तर तक पहुंचाकर नई प्रतिभाओं को खेल से जोड़ा जा सके। बैठक में उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रियेश कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव रवि रंजन मेहता उर्फ काजी भैया, संयुक्त सचिव संतोष देव सिंह, अदिति कुमारी, किरण देवी एवं संस्कृति सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नए बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम से शिक्षक-कर्मचारी नाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बिहार सरकार उच्च शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव के लिए 50 साल पुराने कानून को बदलकर बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 लाने की प्रक्रिया में है। इसके तहत स्नातक का नियंत्रण राजभवन से राज्य सरकार के पास जाने और राज्यपाल के अधिकार सीमित होने का प्रस्ताव है। स्नातक स्तर की शिक्षा और डिग्री कॉलेज का प्रशासनिक नियंत्रण राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किया जाना है। प्रोफेसर की ट्रांसफर, पोस्टिंग और नियुक्ति जैसे अधिकार राज्य सरकार के दायरे में आने का प्रावधान है। कॉलेज के प्रोफेसर और कर्मचारी स्कूली शिक्षा के तहत सीधे तौर पर सरकारी सेवा शर्तों के तहत आ सकते हैं जिससे वह किसी भी राजनीति कार्यक्रम एवं राजनीतिक दल के सदस्य नहीं बन सकते हैं। उन्हें किसी भी चुनाव लड़ने के लिए अपने नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा। इस प्रस्तावित नए कानून के प्रावधान को लेकर राज्य भर के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी विगत कई दिनों से विरोध प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री का दायित्व मिलने के बाद राज्य के विश्वविद्यालयों के प्रभावी तरीके से संचालन और नियंत्रण के लिए बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 और पटना विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 को समाप्त कर राज्य सरकार के स्तर से नया यूनिवर्सिटी एक्ट बनाया गया है जिसका उद्देश्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य में उच्च शिक्षा के नियामकीय ढांचे को सरल, पारदर्शी एवं समसामयिक बनाना है। 15 राज्यों के अधिनियमों का अध्ययन कर उनकी उत्कृष्ट एवं उपयुक्त व्यवस्थाओं को समाहित करते हुए नए एक्ट के प्रस्ताव को राज्य सरकार लागू करना चाहती है परंतु इस नए एक्ट से भाजपा के शिक्षकों का एक वर्ग का परंपरागत वोट पार्टी से खिसकने का डर है जिससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

# डिहरी के खेल मैदानों के सौंदर्यीकरण और डालमियानगर ग्राउंड को आधुनिक स्टेडियम बनाने की पहल तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले में खेल सुविधाओं के विकास और खेल मैदानों के सौंदर्यीकरण की दिशा में पहल तेज हो गई है। बिहार सरकार के खेल मंत्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त ओलंपियन श्रेयसी सिंह ने डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए खेल विभाग के सचिव को पत्र भेजा है। खेल मंत्री द्वारा 8 जून 2026 को जारी पत्र में कहा गया है कि रोहतास जिले के डिहरी प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मण बिगहा खेल मैदान, अकोढ़ीगोला प्रखंड के प्रेमनगर एवं चांदी, डिहरी प्रखंड के नवाडीह तथा डिहरी ग्रामीण प्रखंड के भुसहुला खेल मैदान के सौंदर्यीकरण की मांग की गई है। इसके साथ ही डिहरी विधानसभा क्षेत्र स्थित डालमियानगर ग्राउंड को आधुनिक स्टेडियम के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। पत्र में खेल मंत्री ने बताया है कि विधायक द्वारा इस संबंध में 6 अप्रैल 2026 और 9 अप्रैल 2026 को दिए गए पत्रों को खेल विभाग के स्तर से वांछित कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया है। उन्होंने संबंधित मामलों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विभागीय सचिव को निर्देशित किया है। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा क्षेत्र में खेल मैदानों के विकास और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग लगातार उठाई जा रही है। डालमियानगर ग्राउंड को आधुनिक स्टेडियम के रूप में विकसित किए जाने की पहल से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। खेल मैदानों के सौंदर्यीकरण और स्टेडियम निर्माण की दिशा में विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू होने से स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में भी उत्साह है।

# झारखंडी महादेव मंदिर की पवित्रता व धार्मिक मर्यादा बनाए रखने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** झारखंडी महादेव मंदिर धाम परिसर में कथित असामाजिक गतिविधियों, नशीले पदार्थों के सेवन तथा मंदिर के आसपास संचालित मांसाहारी बिरयानी दुकानों को लेकर बजरंग दल ने अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी को आवेदन देकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बजरंग दल के नगर संयोजक अमर सिन्हा ने कहा कि झारखंडी महादेव मंदिर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के आसपास नशीले पदार्थों के सेवन जैसी गतिविधियों से धार्मिक वातावरण प्रभावित होता है तथा श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवेदन में मंदिर के समीप मांसाहारी बिरयानी की दुकानों के संचालन का भी उल्लेख किया गया है। संगठन का कहना है कि इसी क्षेत्र में छठ घाट और श्मशान घाट भी स्थित है। जिला संयोजक चंदन गुप्ता ने कहा कि महादेव की पूजा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रास्ते में मांसाहार की गंध तथा कई स्थानों पर कचरे की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने खुले में मांस काटने और बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। बजरंग दल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि धार्मिक स्थल की पवित्रता, श्रद्धालुओं की सुविधा और क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है। संगठन ने प्रशासन से मंदिर परिसर और आसपास असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने तथा धार्मिक स्थल की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# दिनारा क्षेत्र के हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा थाना क्षेत्र के योगिया गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार 60वर्षीय बुजुर्ग चन्देश्वर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और आरोपियों ने शव को लेकर फरार हो गए जिसके बाद मृतक के बेटे दीपक चौधरी के आवेदन पर दिनारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिल्की मनिहारी निवासी दीपक चौधरी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके पिता चन्देश्वर चौधरी अपने पटिदार कदार चौधरी, उम्र 45 वर्ष और बनर चौधरी के साथ रोज की तरह मोटरसाइकिल से लाल बहादुर तिवारी के घर चाय पीने जा रहे थे, तभी योगियरी गांव निवासी अजीत तिवारी, उम्र 60 वर्ष और उसके बेटे चिंगारी तिवारी, उम्र 22 वर्ष ने रास्ते में उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने चन्देश्वर चौधरी का कॉलर पकड़कर घर के अंदर खींच लिया और गेट बंद कर देने के बाद पिता-पुत्र ने ताबड़तोड़ गोली चला दी जिससे चन्देश्वर चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। आवेदन में यह भी कहा गया है कि इसके बाद अजीत तिवारी ने कदार चौधरी को भी गोली मारने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अजीत तिवारी और चिंगारी तिवारी ने चन्देश्वर चौधरी के शव को चार पहिया गाड़ी पर लाद लिया और फरार हो गए। शव को गाड़ी पर लदवाने में मुन्ना कहार, शिवपूजन ठाकुर और रामेश्वर तिवारी ने मदद की जो सभी योगिया गांव के ही निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही दिनारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। मालूम हो कि इस हत्याकांड में अभी तक दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिसमें मुख्य आरोपी अजीत तिवारी के साथ ही चिंगारी तिवारी की गिरफ्तारी बताई जा रही जो जोगिया गांव से है। मृतक के बेटे दीपक चौधरी के बयान के आधार पर दिनारा थाना में केस नंबर 378/26, दिनांक 05.08.26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/238/3(5) और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# मारपीट मामले में पांच लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर कार्रवाई की है। इस मामले में मंगलवार के दिन अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि थाना क्षेत्र के बराव कला गांव के रहने वाले एनुलहक ने अपने ही गांव के रहने वाले 11 लोगों पर गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है जिसमें रितिक धनजी रमाकांत संतोष विकास राजू डब्लू रंजनी प्रीति सुकेशरा और सोना शामिल है। दूसरी और बराव कला गांव के ही रहने वाले संतोष कुमार ने अपने ही गांव के 11 लोगों पर गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है जिसमें निहाल सफीक अरमान असाम मेराज धनु राजा सोनू तमन्ना पतली सरीना शामिल है। पुलिस ने बताया कि दोनों तरफ से कांड दर्ज करते हुए कांड संख्या 303/26 में संतोष कुमार और राजू कुमार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है वहीं कांड संख्या 304/26 में नेहाल अरमान और असाम को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 126/170 की कार्रवाई की जा रही है।

# डॉ. विश्वनाथ चौधरी के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विश्वनाथ चौधरी का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने तार बंगला स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. चौधरी सरकारी सेवा में कार्यरत रहे और वर्ष 2002 में सदर अस्पताल, भभुआ से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे चार पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके पुत्र मंटू चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व डॉ. चौधरी सीढ़ी से गिर गए थे। इसके बाद उनका इलाज बनारस में भी कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उन्हें तार बंगला स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

डॉ. विश्वनाथ चौधरी के निधन से शहर के चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, परिचितों एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–32 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई – निविदा) आमंत्रित की जाती है ।

**निविदा सं0–01–डीडीयू–अधिशासी अभियंता–सेतु– 26–27, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन** : डीडीयू डिविजन में वरीय अनुभाग अभियन्ता/सेतु/डीडीयू के तहत ब्रिज नं 345 अप (स्पैन– 02 से 12 और 14 से 23) पुल में निरीक्षण सीढ़ी का प्रावधान तथा ब्रिज नं 445 अप और डाउन, 462 अप और डाउन, 493 अप और डाउन, 509 अप और डाउन, 524 अप और डाउन, 533 आरईवी और डाउन, 611 डाउन और आरईवी, 676 डाउन और आरईवी और 4 डाउन, 80 आरईवी और डाउन, 104 आरईवी और डाउन, 109 डाउन, 171 डाउन, 192 आरईवी और डाउन में बीयरिंग निरीक्षण प्लेटफार्म का प्रावधान। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत** : ₹ 1,95,20,482.06, **(iii) धरोहर राशि** : ₹ 3,90,400.00.

● **ई– निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 04.09.2026 को 12:00 बजे तक, ● वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: **www.ireps.gov.in नोट**:–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

**मंडल रेल प्रबंधक,**
**पूर्व मध्य रेल, पं.दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/0712/डीडीयू/ईजी./टी/26–27/44



**शपथ-पत्र**

मैं संजय मिश्रा, पिता रामदास मिश्र, स्थायी निवासी रढुआ, डाकघर सिरिस, थाना-बारूण, जिला-औरंगाबाद (बिहार), वर्तमान पता- डी-12, भगत सिंह, पुलिस चौकी के पास, बालाबगढ, फरिदाबाद, हरियाणा-121004 शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा आधार कार्ड संख्या 3248 8598 5301 है जिसमें मेरा नाम संजय मिश्रा दर्ज है।

मेरे नाम से भारतीय स्टेट बैंक, शाखा बालबगढ में खाता है जिसका खाता संख्या 33063374832 है जिसमें मेरा नाम संजय मिश्रा दर्ज है।

भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद, बिहार में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी नं.- 514812919 है जिसमें मेरा नाम नामुन्द्र कुमार मिश्र दर्ज है। संजय मिश्रा तथा नामुन्द्र कुमार मिश्र दोनों नाम के एक ही व्यक्ति का है जो मैं स्वयं हूं। मैं हीं उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। उक्त शपथ पत्र मैं अपने उक्त दोनों नामों के सत्यापन के संदर्भ में भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद, बिहार में जमा करने के आशय से कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 22177 दिनांक 06.08.26

**शपथकर्ता**
**संजय मिश्रा**


# प्राचीन शिव मंदिर देवढी धाम में सावन शिवरात्रि पर उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** सावन माह की शिवरात्रि पर मंगलवार को दावथ प्रखंड के दावथ स्थित प्रसिद्ध प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर एवं देवढी शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के 4 बजे से ही भक्त भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कतारों में लग गए। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा को गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई भक्तों ने रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप भी करवाया। महिलाओं ने उपवास रखकर परिवार के मंगल की प्रार्थना की। मंदिर को फूलों, बेलपत्रों और तिरंगे की झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे दिन मंदिर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। निर्भय पाण्डेय ने बताया कि सावन शिवरात्रि पर देवढी शिव मंदिर में पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन में देवढी शिव मंदिर में दर्शन करने से विशेष शांति और आशीर्वाद मिलता है।

# चार महीने बाद अपहृता बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र में चार महीना पहले लड़की भगाने के दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुई लड़की को बरामद किया वही आरोपित लड़के को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले में आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पिता ने अपने नाबालिक लड़की का भागने को लेकर आवेदन दिया था। लिखित आवेदन में बताया गया कि मेरी पुत्री पढ़ने जा रही थी तभी रोहतास जिले के धौदाढ़ निवासी राजीव विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा मेरी लड़की को लेकर भाग गया है। इस मामले में टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करते हुए धौदाढ़ से सकुशल अपहृता को बरामद करते हुए राजीव विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए लड़के और लड़की को न्यायालय को सुपुर्द किया जा रहा है।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

सभी सब्जी दुकानदारों एवं वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है, कि 15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर दिनांक 13.08.2026 से 15.08.2026 तक सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में नही करेंगे।

अतः सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में दिनांक 13.08.2026 से 15.08.2026 तक करते हुए पायें जायेंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद गढ़वा**

PR 387271 Urban Development(26-27)#D


# विधि छात्रों को दिलाई गई संविधान प्रस्तावना की शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता क्लब, नारायण स्कूल आफ लॉ के तत्वावधान में संवैधानिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की कड़ी में संस्थान के निदेशक प्रो. बी.एन. बेहरा द्वारा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल आफ लॉ के विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के डीन प्रो. डॉ. विनोद कुमार सरोज द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सैय्यद कलीम अख्तर, समन्वयक विधिक साक्षरता क्लब द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधि छात्रों के साथ ही सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।


**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बारूण, औरंगाबाद (बिहार)**

**संक्षिप्त निविदा सूचना-2026-27**

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारूण औरंगाबाद (बिहार) द्वारा सत्र 2026-27 कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन हेतु अनुबंध के आधार पर वाहन उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक एवं ठेकेदारों/एजेंसियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**निविदा से संबंधित मुख्य बिंदु**

1. वाहन का प्रकार :- वाणिज्यिक
2. अनुबंध अवधि :- 01.09.2026 से 30.04.2028 तक
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :- 12.08.2026 से 21.08.2026 (1:00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (समय): 21.08.2026 (4:00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 500/-
6. निविदा खोलने की तिथि (समय): 22.08.2026
7. धरोहर राशि (EMD) रू.:- 40,000/-
8. किराये का वाहन वाणिज्यिक पंजीकरण के साथ Scorpio Model/Bolero - 2025-26 का मॉडल होना चाहिए।

निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें कार्यालय से कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है अथवा आधिकारिक बेवसाइट http://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/AURANGABAD/en/home/ से डाउनलोड की जा सकती है। कार्यालय को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**रवीन्द्र कुमार सिंह**
**प्राचार्य**



**कार्यालयः– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**सदर अस्पताल कैंपस, कचहरी रोड, गढ़वा**
Email-Id:- garhwadamo@gmail.com

**आम सूचना**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 27(20) दिनांक 30.08.2023 एवं अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के पत्रांक 459(MD) दिनांकक 25.07.2024 एवं निदेशक आयुष झारखण्ड रॉची के कार्यालय पत्रांक 198 आयुष रॉची, दिनांक 12.03.2025 पुनः पत्रांक 213 आयुष रॉची, दिनांक 21.03.2025 के आलोक में गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन सं0 01/2026 दिनांक 28.04.2026 प्रकाशित की गई थी। प्रप्त आवेदनों को कम्प्यूटर में प्रविष्टि एवं जिला स्तरीय गठित कमेटी द्वारा स्क्रुटनी एवं दावा आपत्ति निराकरण के उपरांत विज्ञापन एवं विभागीय पत्रों में निहित अनुदेश एवं योग कोर्स में अहर्ता के अनुसार चयनित योग्य उम्मिदवारों की अंतिम सूची, प्रतिक्षारत सूची, रिक्त सेंटरों की सूची जिला के अधिकारिक बेवसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी की गई है। अधिक जानकारी के लिए www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

**प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी**
**–सह– सदस्य सचिव**
**जिला स्तरीय गठित कमिटी, गढ़वा।**

**सिविल सर्जन**
**–सह– अध्यक्ष**
**जिला स्तरीय गठित कमिटी गढ़वा।**

PR 387172 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D

# जिलाधिकारी ने मामलों का आन स्पॉट किया निष्पादन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल पांच परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में अमित राज द्वारा सरकारी योजना का लाभ अवैध रूप से लिए जाने के संबंध में, कमलेश कुमार द्वारा दाखल-कब्जा के संबंध में तथा रामप्रवेश शर्मा द्वारा भूमि मापी से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों की सुनवाई की गई।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# मिशन शक्ति के तहत सखी वार्ता का आयोजन

## महिलाओं को अधिकार, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता का दिया गया संदेश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उन्नति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पांती, अकबरपुर प्रखंड में सखी वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक दायित्वों, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार ने महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए नियमित बचत, बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान अपनाने तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सामूहिक बचत एवं आंतरिक ऋण का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं को पशुपालन, डेयरी, मशरूम उत्पादन, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी गई। लैंगिक विशेषज्ञ पंकज कुमार ने नशा मुक्ति के विषय पर चर्चा करते हुए शराब, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। वहीं लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी ने सामाजिक भेदभाव, लैंगिक समानता एवं बालिका शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। केस वर्कर, रजौली पूजा कुमारी ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सहायता एवं परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। क्षेत्रीय समन्वयक चंद्रदीप कुमार ने महिला सशक्तिकरण को परिवार, समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया तथा महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, लैंगिक समानता एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

## एक नजर

### बरनवाल महिला सेवा समिति ने मनाया सावन महोत्सव



**नवादा।** बरनवाल महिला सेवा समिति, नवादा द्वारा नमस्ते बरेव में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन परिवार के साथ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में समिति की महिलाओं के साथ पुरुषों एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन की थीम पर आयोजित समारोह में सभी लोग हरे रंग के परिधान में नजर आए। महिलाओं ने हरी चूड़ियां पहनकर सावन की सुंदरता को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बरनवाल महिला सेवा समिति की अध्यक्ष माधुरी बरनवाल ने अपनी टीम के साथ महाराजा अहिवरण जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों एवं उनके परिवारों को सावन महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष माधुरी बरनवाल ने कहा कि सावन का महीना अत्यंत पावन एवं मनमोहक होता है। इस महीने में प्रकृति भी अपना रूप-रंग निखारती है। चारों ओर हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता लोगों के मन को आनंदित करती है। सावन महोत्सव जैसे आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और पारिवारिक एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में बरनवाल महिला सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, युवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा उनके परिवार के लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान सावन की हरियाली, उमंग और पारिवारिक सौहार्द का सुंदर माहौल देखने को मिला। आयोजन ने सभी के बीच खुशियां बांटते हुए आपसी एकता एवं सामाजिक जुड़ाव का संदेश दिया।

### नशेड़ी समेत चार वारंटी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करने वाले एक युवक और न्यायालय के आदेश पर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते सोमवार की देर शाम करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर शराब के नशे में एक युवक ने टोल कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एएसआई जयप्रकाश चौधरी ने पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचकर नशे में धुत युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं दूसरी ओर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार वारंट के आलोक में पुलिस ने चार वांछित लोगों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में पुरानी बस स्टैंड निवासी शंकर चौधरी के पुत्र शिवनंदन चौधरी, भड़रा गांव निवासी कालेश्वर यादव के पुत्र व्यास यादव, घसियाडीह निवासी बल्कि मुसहर के पुत्र दिनेश मुसहर और सती स्थान निवासी खुशबू कुमारी उर्फ शोभा देवी के पुत्र चंदन कुमार शामिल हैं।

### सड़क हादसे में युवक का पैर तीन जगह से टूटा

**रजौली (नवादा)।** रजौली स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप बाइक और टोटो की टक्कर में बाइक सवार 17 वर्षीय सन्नी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित महादेव मोड़ निवासी शिवम प्रसाद का पुत्र है। हादसे में उसके दाएं पैर में तीन जगह गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। टोटो सवार यात्री और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होने से दुर्घटना हुई। इसमें टोटो चालक विक्की कुमार की कोई गलती नहीं बताई गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीश ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया।

# भूमि व पानी विवाद को लेकर युवक की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के कहुआरा डीह गांव में सोमवार रात भूमि तथा शौचालय टंकी के पानी के विवाद में 40 वर्षीय मुकेश सिंह (पिताः स्व. यदुनंदन सिंह) की लाठी-डंडे व रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक के 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के अनुसार, सोमवार शाम उसके पिता बाजार से दूध बेचकर लौटे थे। इसके बाद पड़ोसी उन्हें अपने घर बुलाकर ले गए और रात करीब आठ बजे खून से लथपथ शव घर के समीप लाकर छोड़ दिया। बताया जाता है कि 9 अगस्त को भी पानी बहाने के विरोध पर विवाद हुआ था, जिसके बाद 112 नंबर की पुलिस टीम ने आकर मामला शांत कराया था। मृतक अपने पीछे मानसिक रूप से अस्वस्थ पत्नी संगीता देवी और दो छोटे मासूम बेटों को छोड़ गया है। घटना की सूचना पर मंगलवार सुबह डीएसपी राहुल सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार व एसआई अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम के रंजीत कुमार ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, नवादा भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हर पहलू की सूक्ष्मता से जांच कर रही है।

# सुगम यातायात एवं व्यवस्थित वाहन परिचालन को लेकर विशेष अभियान, 22 हजार का शमन शुल्क वसूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी नवादा रवि प्रकाश द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में परिवहन टीम द्वारा हिसुआ बाजार में वाहन पार्किंग, परिचालन तथा सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान हिसुआ मुख्य बाजार एवं चौक पर यत्र-तत्र वाहन रोककर यात्रियों को बैठाने, अनियमित वाहन परिचालन, अवैध पार्किंग तथा यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन परिचालन करने वाले संचालकों/बस मालिकों के विरुद्ध शमन की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में कुल 22,000/- की राशि शमन शुल्क के रूप में वसूल की गई। मौके पर वाहन स्वामियों एवं बस संचालकों को नवनिर्मित बस स्टैंड से ही वाहनों का परिचालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चौक के पास स्थित पुराने बस स्टैंड पर वाहन पार्किंग नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि मुख्य बाजार एवं चौक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुगम बनी रहे।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में नवादा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान नहरपर, अमीपुर एवं ओढ़नपुर में किए गए स्थायी अतिक्रमण/संरचनाओं को भी हटाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण से मुक्त रखने तथा आमजनों के लिए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** स्वतंत्रता दिवस पावन श्रावण मास एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में मॉडर्न इंगलिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं भाई-बहन के पवित्र प्रेम का अद्भुत संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह एवं उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य, लोकनृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आयोजित प्रथम सत्र में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश के प्रति समर्पण की भावना को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और राष्ट्रप्रेम के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी अदिति, परिधि, नायरा, परीक्षिता, प्रेम एवं आयुष ने प्रभावशाली ढंग से निभाई। उनकी सधे हुए उद्घोष एवं आत्मविश्वासपूर्ण मंच संचालन ने पूरे कार्यक्रम को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाए रखा। विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, अनुशासन एवं भारतीय संस्कारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## नालंदा

# बिहार पुलिस अकादमी का धूमधाम से मनाया गया 18वां स्थापना दिवस

## डीजीपी बोले- 10 हजार नए पुलिसकर्मियों की होगी बहाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर का 18वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई। डीजीपी विनय कुमार ने परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस बल को मजबूत करने के लिए लगातार नियुक्तियां हो रही हैं। ऐसे में नए पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना बिहार पुलिस अकादमी की बड़ी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने अकादमी को बिहार पुलिस बल का 'मेरुदंड' बताते हुए प्रशिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में 1799 सब-इंस्पेक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। इसके अलावा बीपीएससी के माध्यम से करीब 130 पुलिस उपाधीक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी चल रही है। पहली बार 100 से अधिक डीएसपी का प्रशिक्षण बिहार पुलिस अकादमी में होने की संभावना है। आने वाले समय में करीब 10 हजार और पुलिसकर्मियों की बहाली की जाएगी। इससे अकादमी पर प्रशिक्षण का दबाव और बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी केवल कानून लागू करने वाला कर्मचारी नहीं, बल्कि 24 घंटे जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तैयार रहने वाला कर्मी है। इसलिए प्रशिक्षण में अनुशासन, कानून की समझ, व्यवहार, निर्णय क्षमता और जनसेवा की भावना को समान महत्व मिलना चाहिए।डीजीपी ने बताया कि पहली बार पुलिस कांस्टेबल प्रशिक्षण की विशेष व्यवस्था की गई है। सीटीएस नाथनगर और बिहार पुलिस अकादमी में करीब तीन हजार पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जा सकता।समारोह में निदेशक एडीजी आर. मलार विजी, उप निदेशक सह प्राचार्य डीआइजी अभय कुमार लाल, सहायक निदेशक अम्बरीष राहुल, सहायक निदेशक लालबाबू यादव समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रंग और कूची से दिया सामाजिक संदेश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहर की चारदीवारियां इन दिनों रंग-बिरंगी कलाकृतियों से सज रही हैं। विभिन्न स्कूलों की छात्राएं समूह में पहुंचकर सरकारी कार्यालयों की चारदीवारी को कैनवास बनाकर आकर्षक पेंटिंग तैयार कर रही हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए राहगीर भी कुछ देर रुक जा रहे हैं।शहर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों की चारदीवारी पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं अपनी कला और कल्पना के माध्यम से सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों को उकेर रहे हैं। कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है तो कहीं शराबबंदी और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।छात्राओं की पेंटिंग में शिक्षा, बालिकाओं के प्रति हिंसा, महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा और मानव तस्करी जैसे गंभीर मुद्दों को भी प्रमुखता दी जा रही है। रंगों और तस्वीरों के माध्यम से समाज को जागरूक करने के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास का संदेश दिया जा रहा है।सुबह से ही छात्राएं अपने समूह के साथ निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर दीवारों पर चित्रकारी कर रही हैं। कोई ब्रश से तस्वीरों को आकार दे रही है तो कोई सामाजिक संदेश लिखकर कलाकृतियों को प्रभावी बना रही है। राहगीर भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना कर रहे हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। उत्कृष्ट कलाकृति बनाने वाले प्रतिभागियों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस से पहले रंगों से सजी ये दीवारें शहर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दे रही है।

# जर्जर गली-नाली से ग्रामीण परेशान, तीन साल से सिर्फ मिल रहा आश्वासन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा।** नगरनौसा प्रखंड की कैला पंचायत के वार्ड नंबर तीन स्थित हरगोपालपुर गांव में जर्जर पीसीसी गली और क्षतिग्रस्त नाली ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लंबे समय से सड़क खराब होने के बावजूद मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड सदस्य जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि हरगोपालपुर गांव की यह गली वडीहा रोड से गांव के भीतरी हिस्से तक जाती है। सड़क पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और कई स्थानों पर पीसीसी ढलाई टूट चुकी है। वहीं, गली किनारे बनी नाली भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जलनिकासी की व्यवस्था खराब होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे गली में करीब एक फीट तक जलजमाव हो जाता है। जलजमाव के कारण पैदल राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। गंदे पानी के जमाव से दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गली और नाली निर्माण की मांग को लेकर पिछले तीन वर्षों से ग्राम सभा में लगातार योजना दी जा रही है। हर बार निर्माण का आश्वासन मिलता है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है।ग्रामीणों ने जल्द गली-नाली का निर्माण कराने की मांग की है। समस्या का समाधान नहीं होने पर नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# डीएम के आदेश बाद भी सदर अस्पताल में 21 डॉक्टर नहीं बना रहे बायोमेट्रिक हाजिरी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी और उपस्थिति को लेकर सवाल उठने के बावजूद व्यवस्था में पूरी तरह सुधार नहीं हो सका है। जिलाधिकारी उदिता सिंह के सख्त निर्देश के बाद भी अस्पताल में पदस्थापित 42 डॉक्टरों में से 21 अब तक बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बना रहे हैं। जुलाई माह में महज आठ डॉक्टरों ने बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की। इनमें केवल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन का ही जुलाई का वेतन जारी किया गया है।चिकित्सकों की उपस्थिति की यह स्थिति 26 जून की जांच के बाद भी बनी हुई है। गोली लगने से घायल युवक को सदर अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद तत्कालीन डीडीसी रंजन कुमार चैधरी के नेतृत्व में अस्पताल की जांच कराई गई थी। जांच के दौरान 21 डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित मिले थे। इसके बाद डीएम ने अनुपस्थित डॉक्टरों के संबंधित दिनों का वेतन रोकने का निर्देश दिया था।डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अस्पताल में बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य की गई थी। जुलाई में उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन के अलावा डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नीतू सहाय, डॉ. प्रशांत, डॉ. संगीता वर्मा, डॉ. पावेल और डॉ. त्रिशला ने बायोमेट्रिक हाजिरी बनाई।सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सभी चिकित्सकों और कर्मियों को हर हाल में बायोमेट्रिक हाजिरी बनानी होगी। नियम का पालन नहीं करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रखंड शाखा का गठन, सुषमा कुमारी बनीं अध्यक्ष



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रखंड शाखा इस्लामपुर का सम्मेलन मंगलवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिला चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, नालंदा के प्रतिनिधि साथी नदीम जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में संगठन की नई प्रखंड कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सम्मेलन में सुषमा कुमारी (एएनएम) को अध्यक्ष, पप्पू कुमार को उपाध्यक्ष तथा सोनम कुमारी कुमारी (एएनएम) को मंत्री चुना गया। वहीं संयुक्त मंत्री नवीन कुमार और कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी के पद पर चयन किया गया। महिला उपसमिति की संयोजिका के रूप में कुमारी अंजू (एएनएम) को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी समिति में कांती कुमारी, महेश कुमार, गीता देवी,शशि रांजन, आरती और कोमल कुमारी को सदस्य बनाया गया। सम्मेलन के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त हुई।

# तकनीकी खामियों से अटका राशन कार्ड निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया तकनीकी खामियों के कारण प्रभावित हो गई है। ऑफलाइन आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन प्रविष्टि के दौरान ओटीपी की अनिवार्यता से आवेदकों और अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र में 4,817 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य है, जबकि अब तक 5,060 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें महज 20 आवेदन ही ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर पाए हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी साक्षी कुमारी गुप्ता ने बताया कि स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर ओटीपी, ई-केवाईसी और दस्तावेज अपलोड करने में लगातार तकनीकी समस्या आ रही है। कई बार ओटीपी देर से आता है, जबकि आवेदक कार्यालय से जा चुके होते हैं। दस्तावेज अपलोड होने के बाद भी आवेदन अंतिम रूप से सबमिट नहीं हो पा रहा है। समस्या की जानकारी डीएम और एसडीओ को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। रोजाना सैकड़ों आवेदक कार्यालय पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि बार-बार कार्यालय आने से समय और पैसे दोनों खर्च हो रहे हैं। राशन कार्ड के लिए जरूरी दस्तावेज में आवेदन पत्र, सभी सदस्यों का आधार कार्ड, मुखिया का आधार कार्ड, परिवार का संयुक्त फोटो, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति और जाति प्रमाण पत्र जरूरी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**हरनौत।** राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड पर सुबह करीब 8 बजे हरनौत थाना क्षेत्र के हरनौत स्टेशन और मुढ़ारी हॉल्ट के बीच ट्रेन की चपेट में आने से 80 वर्षीय वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी सरयुग प्रसाद के रूप में हुई है। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने हरनौत थाना और बिहारशरीफ रेल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हरनौत थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव को अपने साथ घर ले गए। मृतक के पुत्र शिव कुमार ने बताया कि उनके पिता पिछले कुछ दिनों से अपनी बेटी के यहां रह रहे थे। आशंका है कि रास्ता भटकने के कारण वह रेल पटरी पर चले गए होंगे, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। वहीं, रेल थाना प्रभारी लक्ष्मण कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद रेल पुलिस की टीम मौके पर गई थी और मामले की जांच की गई।

### दुष्कर्म मामले में आरोपित को 10 साल की सजा

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र से जुड़े 16 साल पुराने दुष्कर्म के मामले में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पांडे की अदालत ने आरोपी रूपचंद पासवान को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतने का प्रावधान किया गया है।प्रभारी अपर लोक अभियोजक राजाराम प्रसाद ने बताया कि मामला चंडी थाना क्षेत्र का है। 21 मई की देर रात करीब 12 बजे आरोपी रूपचंद पासवान पीड़िता को झाड़-फूंक कराने के बहाने खंधा में ले गया था। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता के बयान पर चंडी थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर 3 अगस्त को रूपचंद पासवान को दोषी करार दिया था। दोषी करार दिए जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। सुनवाई पूरी होने के बाद मंगलवार को अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

### पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न

**नगरनौसा।** नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार के दिन प्रखंड प्रमुख अंतरा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में 16 वीं एवं 6 वीं वित्त से योजनाएं चयनित को लेकर सदस्यों से प्रस्ताव मंगा गाया।बैठक में सदस्यों ने तय मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद मिलना,पेयजलापूर्ति के शिकायत पर दो दिनों के अंदर समाधान करना, आंगनबाड़ी मरम्मत,आवास योजना, मनरेगा,जनवितरण प्रणाली से जुडे मुद्दे को उठाया गया साथ ही सीओ द्वारा म्यूटेशन में ज्यादा बेवजह परेशान करना एवं रिजेक्ट करने का भी मुद्दा उठाया। सदस्यों ने प्रखंड में बीपीआरओ एवं तकनीकी सहायक का पद खाली रहने का भी मुद्दा उठाते हुए आसपास प्रखंड के बीपीआरओ व तकनीकी सहायक को प्रभार देने का कहा गया।

### निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**नगरनौसा।** नगरनौसा प्रखंड कार्यालय से मंगलवार के दिन हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत किया गया। तिरंगा यात्रा को बीडीओ ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में निकाला गया। यात्रा में बडी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ पदाधिकारी व कर्मी व जनप्रतिनिधी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा नगरनौसा ब्लॉक से शुरू होकर नगरनौसा बडीहा बाजार रोड़ घूम पुन्ह प्रखंड कार्यालय पहुंच खत्म हुआ। इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने तथा श्हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और स्वतंत्रता दिवस के महत्व का संदेश आम लोगों तक पहुंचाया गया। यात्रा में शामिल अधिकारियों और कर्मियों ने आम लोगों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

# मगध विश्वविद्यालय में विद्वत परिषद व सिंडिकेट की बैठक

## एनईपी-2020 के 24 नवीन पाठ्यक्रमों के अध्यादेश स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में विद्वत परिषद एवं सिंडिकेट की बैठकें आयोजित हुईं। विद्वत परिषद की बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे दूरस्थ शिक्षा निदेशालय भवन में संपन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विधि, कंप्यूटर विज्ञान, प्रबंधन एवं कंप्यूटेशनल गणित से संबंधित कुल 24 नवीन पाठ्यक्रमों के अध्यादेश एवं विनियम को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके उपरांत संपन्न सिंडिकेट की बैठक में इन निर्णयों का अनुमोदन कर दिया गया। विधि संकाय के अंतर्गत तीन-वर्षीय एलएलबी, तीन-वर्षीय एलएलबी (ऑनर्स), पांच-वर्षीय बीए-एलएलबी, पांच-वर्षीय बीबीए-एलएलबी, दो-वर्षीय एलएलएम एवं एक-वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रमों के अध्यादेश को स्वीकृति दी गई। स्नातक स्तर पर चार-वर्षीय बीसीए एवं बीबीए के साथ-साथ डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग में विशेषज्ञता वाले बीसीए, बीएससी कंप्यूटर साइंस एवं बीएससी साइबर साइंस पाठ्यक्रमों को अनुमोदित किया गया। स्नातकोत्तर स्तर पर एमबीए, एमसीए एवं एमएससी कंप्यूटर साइंस (डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा तथा एआई-एमएल विशेषज्ञता सहित) के साथ-साथ चार-वर्षीय बीएससी, दो-वर्षीय एमएससी एवं एक-वर्षीय एमएससी (कंप्यूटेशनल गणित) पाठ्यक्रमों के अध्यादेश एवं विनियम को भी स्वीकृति प्रदान की गई। विद्वत परिषद ने सीबीसीएस स्नातकोत्तर पाठ्यचर्या में एनईपी-2020 के अंतर्गत 'स्वयं' मंच के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को सम्मिलित किए जाने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही शोध उपाधि (पीएच.डी.) की पाठ्यचर्या के निर्माण हेतु अध्ययन परिषद (बोर्ड ऑफ स्टडीज) के गठन पर सहमति बनी तथा इस संबंध में समस्त विभागाध्यक्षों को आवश्यक स्वतंत्रता प्रदान की गई। परिषद ने 8 अगस्त 2026 को संपन्न संबद्धता एवं नवीन शिक्षण कार्यक्रम समिति तथा 17 जुलाई 2026 को संपन्न संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक की कार्यवाही का भी अनुमोदन किया जिसमें राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना की अधिसूचना के आलोक में पीएच.डी. उपाधि हेतु समरूप अध्यादेश को पीएटी-2022-23 सत्र से लागू किए जाने का निर्णय लिया गया था। गत 10 जुलाई 2026 की विद्वत परिषद की कार्यवाही की भी संपुष्टि की गई। तत्पश्चात संपन्न सिंडिकेट की बैठक में विद्वत परिषद की उक्त कार्यवाही के अनुमोदन के साथ-साथ आगामी 22 अगस्त 2026 को प्रस्तावित वार्षिक सीनेट की बैठक की कार्यसूची को स्वीकृति प्रदान की गई। सिंडिकेट ने 8 अगस्त 2026 को संपन्न वित्त समिति एवं 16 जुलाई 2026 को संपन्न परीक्षा बोर्ड की कार्यवाही का अनुमोदन किया तथा विश्वविद्यालय अभियंता के पद पर अशोक कुमार की संविदा आधारित सेवा को आगामी ग्यारह माह के लिए विस्तारित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। सिंडिकेट ने गत 10 जुलाई 2026 को संपन्न अपनी बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि भी की।

## मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में 'शोधारम्भ' आयोजित, 130 से अधिक शोधार्थी हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के हिन्दी विभाग द्वारा पीएच.डी. कोर्स वर्क (सत्र 2022-23) के नवनामांकित शोधार्थियों के लिए 'शोधारम्भः अनुसंधान-यात्रा का प्रथम दिवस' विषयक अभिविन्यास एवं कक्षा-प्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी भवन स्थित प्रेमचंद सभागार में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. आनन्द कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी तथा सह-संरक्षक के रूप में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में 130 से अधिक शोधार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने अज्ञेय जी की पंक्तियों–'बूंद सीपी की भले हो, भेदती है मर्म सीपी का उसी निर्मम त्वरा से, वज्र जिससे फोड़ता चट्टान को' के साथ-साथ रघुवीर सहाय एवं त्रिलोचन की कविताओं का उद्धरण देते हुए शोधार्थियों को निरंतर साधना और जीवटता के साथ शोध कार्य में जुटने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने हिन्दी विभाग के गौरवशाली अतीत व उज्ज्वल वर्तमान का उल्लेख करते हुए शोधार्थियों से अपील की कि वे मौलिकता को प्राथमिकता दें और अनुसंधान के ज़रिये समाज को कुछ नया व सार्थक प्रदान करें। विभागाध्यक्ष प्रो. आनन्द कुमार सिंह ने शोधार्थियों से साहित्य एवं अनुसंधान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखने का आह्वान किया। विभागीय प्राध्यापकों ने भी शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. अनुज कुमार तरुण ने शोधार्थियों को पारंपरिक ढर्रे से बाहर निकलकर नए परिवेश व चुनौतियों को स्वीकारने के लिए प्रेरित किया तथा 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति के नियम को स्पष्ट किया। डॉ. परम प्रकाश राय ने नए शोध अधिनियम व अद्यतन पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन, एआई के अति-उपयोग एवं नकल से बचते हुए मौलिक शोध पर ज़ोर दिया। वहीं डॉ. अंबे कुमारी ने शोधार्थियों को अपने अनुसंधान में नवीन आयाम व दृष्टिकोण जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### तिरंगा यात्रा को प्रधानाध्यापक ने दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकाला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. अबरार आलम ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर मार्च पास्ट कराया और बच्चे शिक्षक अपने हाथों में तिरंगा और वंदे मातरम की जय घोष करते हुए बेलागंज के मुख्य मार्गो से डीआरसी प्रखंड मुख्यालय प्रखंड अंचल मुख्यालय होते हुए पुनः विद्यालय लौट गए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों ने कम से कदम मिलाकर वंदे मातरम का जय घोष करते हुए हर घर लहराए तिरंगा, भारत की शांति तिरंगा, भारत का ईमान है, हर दिल तिरंगा का नारा लगाया और पूरा माहौल तिरंगा मय बना दिया। मौके पर विद्यार्थियों का उत्साह देखते बन रहा था, उनके साथ शिक्षका मधुबाला, रिंकी कुमारी, राजेश कुमार, राजू, रवि प्रकाश, मालवीय, रिजवान उल्ला, सुनील कुमार, कन्हैया दास, मानस कुमार, प्रदीप कुमार मौर्य, अनीश कुमार, चंद्रमणि प्रसाद, प्रेम रंजन कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार, तरुण कुमार इत्यादि ने छात्र-छात्राओं का उत्साह उत्साहवर्धन किया।

### 11 हजार शिवलिंगों का हुआ जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस (गया)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित चंडीस्थान के सुगी पहाड़ पर प्राचीन शिव मंदिर में जय चंडेश्वर नाथ पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में आसपास के करीब 10 -12 गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी दीपक मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा मिलकर करीब 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। विधि-विधान के साथ उनका रुद्राभिषेक एवं सामूहिक पूजन संपन्न हुआ। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं रुद्राक्ष का वितरण किया गया। महोत्सव के दौरान चंडीस्थान का सुगी पहाड़ भक्तिमय नजर आया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। आयोजन से क्षेत्र में आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता एवं धार्मिक जागरूकता का संदेश भी देखने को मिला।।

### स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस।** प्रखंड क्षेत्र के अकौना गांव में मंगलवार को देशभक्ति का अनोखा नजारा दिखा। मिडिल स्कूल अकौना के छात्र-छात्राओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ों बच्चे शामिल हुए। स्कूल के टीचर मोहम्मद अली ने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान - 2026 को लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि हाथों में सैकड़ों फिट लंबा तिरंगा झंडा लेकर छात्र-छात्रों ने शिक्षकों के साथ गांव की विभिन्न गलियों में तिरंगा यात्रा निकाली और देशभक्ति नारे लगाए। वन्दे मातरम से गांव की गलियां गूंज उठी। सभी शिक्षक भी अपने हाथों में बड़े-बड़े तिरंगा लेकर बच्चों के साथ चल रहे थे। हर तरफ देश भक्ति का नजारा देखने को मिल रहा था।

### जयंती पर मुंशी प्रेमचंद को किया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रामेश्वर प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुंशी प्रेमचंद का जयंती हर्षोल्लास मनाया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक मो. अबरार आलम ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि मुंशी प्रेमचंद सच्चे रूप में एक सशक्त साहित्यकार, कथाकार और उपन्यासकार थे। उन्होंने समाज में जो भी बुराइयां देखी चाहे बाल विवाह हो, विधवा विवाह हो, भ्रष्टाचार हो, किसानों मजदूरों का शोषण हो या फिर दलितों के साथ किया गया भेदभाव हो सब पर अपनी लेखनी से समाज में परिवर्तन लाया और हिन्दू, उर्दू साहित्य में अमर हो गए। विद्यालय के कुछ छात्र जिसमें खुशी, सोनाली, तेजस्विनी और आदित्य कुमार ने भी मुंशी प्रेमचंद पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की विसंगतियों के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन के तीसरे चरण का पहला दिन शुरु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** गया कॉलेज के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विसंगतियों के विरोध में फुटाब, फुस्टाब तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशव्यापी हो रहे विरोध का तीसरा चरण का पहला दिन आरम्भ किया गया।
महाविद्यालय के सभी कार्यों को करते हुए शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक तरीके से घंटी बजाकर तथा नारेबाजी कर के सरकार के इस विधेयक के विसंगतियों का विरोध किया गया। इस तीसरे चरण का आंदोलन 11 अगस्त 2026 से 25 अगस्त 2026 तक विश्वविद्यालय/स्नातकोत्तर विभाग एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर प्रत्येक कार्य दिवस को अपराह्न 1:30 बजे से 2:00 बजे के बीच 30 मिनट तक घंटी बजाकर और नारेबाजी कर के करेंगे। संघर्ष मोर्चा और सभी की प्रमुख मांग है कि प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 को तत्काल वापस लिया जाए अथवा व्यापक विमर्श एवं विशेषज्ञों की राय के बाद ही आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। सरकार इस विधेयक को किसी भी प्रकार की जल्दबाजी में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों तथा संबंधित हितधारकों से बिना पर्याप्त चर्चा के पारित न करे।

## तिरंगा यात्रा पर गया शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** 12 अगस्त को समाहरणालय परिसर से गांधी मैदान तक आयोजित होने वाली घर-घर तिरंगा वितरण यात्रा एवं गांधी मैदान के दक्षिणी फ्लैंक में प्रस्तावित मानव श्रृंखला के मद्देनजर गया शहरी क्षेत्र में यातायात के सुचारू संचालन के लिए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। कार्यक्रम में लगभग 5,000 की संख्या में वरीय पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। अनुमण्डल पदाधिकारी सदर द्वारा बताया गया कि 12 अगस्त 2026 को अपराह्न 3:30 बजे से 6:30 बजे तक, आपातकालीन वाहनों को छोड़कर, निम्न मार्गों पर वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## पंचायत समिति की बैठक में हंगामा, दो करोड़ की योजनाओं को मिली मंजूरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। स्वच्छता विभाग और पीएचईडी के कर्मियों की लापरवाही को लेकर सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताई। बैठक में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। नोक-झोंक के बीच चली बैठक में करीब 2 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख मणि देवी ने की। इस दौरान बीडीओ चंदन कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सदस्यों का आरोप था कि गांवों में स्वच्छता कर्मी समय पर नहीं पहुंचते और पीएचईडी द्वारा पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। इसी मुद्दे पर सदस्यों और अधिकारियों के बीच तीखी बहस हुई। कई पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिख रहा। अधिकारियों के नदारद रहने पर सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे बैठक की अवमानना बताया। हंगामे के बावजूद अंत में विभिन्न वार्डों के लिए सड़क, नाली, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी लगभग 2 करोड़ रुपये की योजनाओं का चयन कर बैठक संपन्न हुई। बीडीओ चंदन कुमार ने कहा कि अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और चयनित योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर रौशनगंज में निकली भव्य तिरंगा रैली



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रौशनगंज।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को रौशनगंज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्य विद्यालय रौशनगंज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रौशनगंज के संयुक्त प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की वार्डेन, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से सस्वर 'वंदे मातरम' के गायन से हुई। राष्ट्रगीत की गूंज से विद्यालय परिसर सहित आसपास का वातावरण देशभक्तिमय हो गया। इसके बाद बीडीओ उदय कुमार के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली रौशनगंज बाजार होते हुए थाना रोड स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत भारत माता की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रौशनगंज के प्रधानाध्यापक पवन कुमार प्रसाद, मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार चौधरी, केजीबीभी की वार्डेन रानी कुमारी, शिक्षक दिलीप कुमार, शिक्षिका मीना कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आम लोगों को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

## 110 साल की उम्र में विशुन यादव का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच प्रखण्ड के पंडा बिगहा गांव निवासी 110 वर्षीय विशुन यादव का सोमवार को निधन हो गया। अधिक उम्र के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पोता रामजी यादव ने बताया कि दादा लंबे समय से स्वस्थ थे, लेकिन उम्र अधिक हो जाने के कारण उनका निधन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि विशुन यादव गांव के जाने-माने किसान और पहलवान थे।

## मतदान अधिकार के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी राज इंटर विद्यालय के सभागार में मंगलवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी योगेंद्र पासवान और एएलएमटी संतोष गुप्ता ने लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान के अधिकार और मतदाताओं की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। एसडीएम प्रवीण कुंदन ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव में नहीं आने की अपील की। बीडीओ योगेंद्र पासवान ने निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने नए मतदाताओं को पंजीकरण कराने, मतदाता सूची में नाम की जांच करने और आवश्यक सुधार की प्रक्रिया के बारे में बताया। एएलएमटी संतोष गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब का उद्देश्य युवाओं और आम लोगों को चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदार मतदाता बनाना है। बैठक में क्लब के सदस्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


कार्यालय -अधीक्षक,
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू
Email- supt.pmchpalamu@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या 02/2026–2027

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से हाउसकीपिंग सर्विस प्रदान करने के लिए ऐजेंसी के चयन हेतु निविदा दिनांक 04.09.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। विवरण इस प्रकार है :–

| क्र0सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01. | ऑनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 12.08.2026 के अपराहन 11.00 बजे |
| 02. | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 04.09.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक |
| 03. | निविदा खोलने का स्थान/तिथि /समय | अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0 का प्रकोष्ठ/ 09.09.2026/ पूवाह्न 11.00 बजे |
| 04. | अग्रधन की राशि ONLINE | रु 500000.00 (पांच लाख) मात्र Refundable |
| 05. | निविदा आमंत्रण करने वाले का नाम एव पता | अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू |

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर खोलने समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकि भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जाएगा।

निविदा की शर्त्त आदि की जानकारी https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा /डाउनलोड किया जा सकता है।

Dr Ajay Kumar
Superintendent
Medinirai Medical College Hospital, Palamu

PR 387160 District(26-27)#D


## छात्रावासों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, महिला वार्डन व सीसीटीवी अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के आसपास संचालित छात्रावासों की व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम प्रवीण कुंदन ने क्षेत्र के छात्रावास संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संचालकों को नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक छात्रावास का सक्षम प्राधिकारी से वैध पंजीकरण अथवा अनुमति प्राप्त होना जरूरी है। संचालकों को पंजीकरण की प्रति संबंधित कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए छात्रावासों में नियमित रूप से महिला वार्डन की व्यवस्था करने को कहा गया। वार्डन का नाम और मोबाइल नंबर कार्यालय के साथ-साथ छात्रावास के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करना होगा। छात्रावास में कार्यरत वार्डन, सुरक्षा गार्ड, रसोइया और सफाईकर्मी समेत सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन से संबंधित अभिलेख भी सुरक्षित रखने होंगे। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार, कॉरिडोर, डाइनिंग हॉल, कॉमन एरिया और परिसर के आवश्यक स्थानों पर कार्यशील सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया है। कैमरों की रिकॉर्डिंग का कम से कम 30 दिनों का बैकअप सुरक्षित रखना होगा। हालांकि छात्राओं के आवासीय कमरे, शौचालय और स्नानघर जैसी निजी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर रोक रहेगी। छात्राओं के आवासीय क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत पुरुष व्यक्ति के प्रवेश पर रोक रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर आगंतुकों से मिलने के लिए अलग विजिटर रूम की व्यवस्था करने को कहा गया है। प्रत्येक आगंतुक का नाम, मोबाइल नंबर, पहचान संबंधी विवरण, आने का समय, किस छात्रा से मिलने आया और जाने का समय विजिटर रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक छात्रा का पूरा विवरण, अभिभावक का मोबाइल नंबर, स्थायी पता, संबंधित शैक्षणिक संस्थान और आपातकालीन संपर्क की जानकारी अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। छात्राओं के आवागमन के लिए एंट्री-एग्जिट रजिस्टर अथवा गेट पास व्यवस्था लागू करने और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अर्पित विश्वकर्मा, पिता –महेश विश्वकर्मा, उम्र–11 वर्ष, रंग–गोरा, लम्बाई–2.5 से 3 फीट तक पहनावा –हाफ टी.सर्ट, जिसमें स्पाईडर मैन का चित्र बना है, दाहिने कान में बाली पहना है, जो ग्राम –पटपरा, थाना –कमर्जी, जिला –सीधी, राज्य –मध्यप्रदेश का निवासी है।

उक्त बच्चा दिनांक. 20/05/2026 से अपने घर से लापता है। किसी भी व्यक्ति को उक्त बच्चा की जानकारी मिलने पर कृपया जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय, चतरा में अथवा मोबाईल नं0–9430734303 पर सम्पर्क करें ताकि बच्चे को उसके परिवार से मिलाया जा सके।

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

PR 387234 (Law)26-27*D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)



PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

(U/s 84 of the BNSS)

FORM NO.5

WHEREAS a complaint has been made before me that Shrawan Sao @ Dinesh S/o- Laxmi Sao R/o- Ward no. 11, Kandri P.s. Chando Dist- Balrampur( Chhattisgarh) (name, description and address) has committed (or is suspected to have committed) the offence of Rape, Criminal intimidation, punishable under section 137(2),96 of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023, and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said Shrawan Sao @ Dinesh (name) cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Shrawan Sao @ Dinesh (name) has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that the said Shrawan Sao @ Dinesh S/o- Laxmi Sao R/o- Ward no. 11, Kandri P.s. Chando Dist- Balrampur( Chhattisgarh) is required to appear at the Court of Judicial Magistrate Ist class-, Sub-Divisional Courts, Nagar Untari, Dist-Garhwa (place) before this Court (or before me) to answer the said complaint on or before the **14th day of September, 2026, at 11:00 am.**

Dated, this 22th day of July, 2026.

Court of J.M. 1st Class * Nagar Untari *

J.M.F.C

नाम–(1) श्रवण साव उर्फ दिनेश, पिता–लक्ष्मी साव, सा0–वार्ड नं0–11 कन्डरी, थाना–चांदो, जिला–बलरामपुर,(छतीसगढ़) आपको सूचित किया जाता है कि आप धुरकी थाना कांड सं0–55/25, दिनांक–09.05.25, धारा–137(2), 96, बी0एन0एस0 के अप्रा0 अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री निशिकान्त, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक– 22.07.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–08.08.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–14.09.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री निशिकान्त, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–14.09.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री निशिकान्त, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR.NO.387261 Police(26-27):D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

संपादकीय

# शिअद व भाजपा करीब आएंगे?

पंजाब में पूर्व में लंबे समय तक सहयोगी रहे शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के अगले साल वाले विधानसभा चुनाव के पहले फिर करीब आने के संकेत मिल रहे हैं। शिअद के अध्यक्ष सुखबीर बादल की शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। वरना पांच साल पूर्व हुए किसान आंदोलन के बाद दोनो दलों में दूरियां बहुत बढ़ गई थीं। शिअद तीन विवादित कृषि कानून के खिलाफ था, क्योंकि उसे लगता था कि इससे गांवों में उसका पंथक वोट बैंक खिसक जाएगा। यही कारण था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीनों कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के बाद भी शिअद ने एनडीए और भाजपा से न केवल अपनी दूरी बनाए रखी बल्कि कई बार मोदी सरकार की आलोचना भी की। 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल और भाजपा ने अपने बूते चुनाव लड़ा और उन्हें खास कुछ भी हासिल नहीं हुआ। हालांकि शिअद ने उस चुनाव में दलित वोटों के मद्देनजर बसपा से समझौता किया था, लेकिन उससे भी कुछ फायदा नहीं हुआ। चुनाव में उसे 23 फीसदी वोट और मात्र 3 सीटें मिलीं। इसी तरह भाजपा ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और मात्र दो सीटें जीतीं। उसका वोट प्रतिशत भी 7.73 फीसदी ही रहा। इन दोनो पार्टियों ने पिछला लोकसभा चुनाव भी अलग अलग लड़ा और तगड़ी मात खाई। यह साबित हो गया कि दोनों की अलग-अलग राजनीतिक ताकत बहुत कम है और दोनों के अलगाव ने राज्य में एक नई आम आदमी पार्टी को पैर जमाने का मौका दे दिया। इस बीच भाजपा ने ऐलान कर दिया था कि वह अगला विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। इस घोषणा ने शिअद को आत्ममंथन और समझौते के लिए मजबूर कर दिया। उधर भाजपा ने जाट सिखों के बीच अपनी पैठ बढ़ानी शुरू कर दी, जिसने शिअद को और चिंतित कर दिया। क्योंकि इसके पहले शिअद और भाजपा में यह अलिखित समझ थी कि शिअद मुख्य रूप से जाट सिखों में अपनी पैठ बनाए रखेगी और हिंदू वोटों में भाजपा। लेकिन अब यह तटबंध टूटते दिख रहे हैं। दरअसल सुखबीर सिंह बादल भी जानते हैं कि उनका व्यक्तित्व अपने पिता प्रकाश सिंह बादल की तरह जादुई नहीं है। उन पर और उनके रिश्तेदारों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं। लिहाजा अकेले शिअद कुछ ज्यादा हासिल करने की स्थिति में नहीं है। जबकि भाजपा के आंतरिक सर्वे में साफ हुआ कि अकेले चुनाव लड़ने से कुछ हासिल नहीं होना है, क्योंकि जाट सिखों के बीच भाजपा की छवि अच्छी नहीं है। इस परिप्रेक्ष्य में सुखबीर बादल की पीएम मोदी से मुलाकात को संभावित समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। महत्वपूर्ण यह भी है कि पीएम ने बादल को बैठक के लिए बुलाया, उसके कुछ दिनों पहले वो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से संभावित चुनाव-पूर्व गठबंधन को लेकर मुलाकात की थी। सैनी से पहले वरिष्ठ अकाली नेताओं दलजीत सिंह चीमा और बलविंदर सिंह भुंडर के साथ कुछ दिन पहले सैनी से मुलाकात की थी। बताया जाता है कि सैनी ने इस मुद्दे पर बादल की प्रधानमंत्री से मुलाकात करवाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ समेत बीजेपी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने साफ कहा था कि अगर बीजेपी फिर से शिअद के साथ आती है तो उसे चुनावी फायदा होगा। पंजाब के हालिया दौरे में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा था कि गठबंधन को लेकर फैसला सही समय पर लिया जाएगा। हालांकि सीटों के बंटवारे पर पेंच फंस सकता है।

# पूंजीवाद का नया हथियार जेन जी

**इस समय दुनिया में विशेषकर अमेरिका, यूरोप, चीन और रूस को छोड़कर जेन जी की चर्चा ज्यादा है। खाड़ी देश और विशेषकर एशिया के कई देशों में जेन जी के आंदोलन के नाम से सरकारें बदलीं है। जब मिस्र में जैस्मीन रिवॉल्यूशन के नाम से आंदोलन शुरू हुआ और सैन्य हस्तक्षेप के बाद सत्ता परिवर्तन के साथ समाप्त हुआ था। बदलाव के नाम पर केवल इतना ही हुआ कि रूस समर्थक सत्ताधीश हटकर अमेरिका समर्थक सरकार आ गई। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका में भी जो आंदोलन हुए उससे भी सरकारें तो बदली है पर कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, सिवाय इसके कि चीन समर्थक या चीन से मित्रता रखने वाली सरकार बदली परंतु व्यवस्था जस की तस है।**

नेपाल में मार्क्सवादी सरकार को हटाकर जेन जी की पीढ़ी से श्री बालेन शाह सत्ता में आए और आने के बाद उन्होंने सबसे पहले कॉलेज और विश्वविद्यालय में जहां से जेन जी का उदय हुआ और आंदोलन शुरू हुआ था उनके ऊपर ही बेन लगा दिया। छात्र संघों के चुनाव खत्म कर दिए। यानी कोई नया नेतृत्व पैदा ना हो सके और अब स्थिति यह है कि अब बालेन शाह के खिलाफजेन जी के नौजवान आंदोलन कर रहे हैं, यहां तक की तीन नौजवान आत्मदाह कर चुके हैं। बांग्लादेश में भी युवकों का आंदोलन शुरू हुआ था जो मुक्ति वाहिनी के परिवारजनों को शेख हसीना सरकार के द्वारा आरक्षण वृद्धि के खिलाफ था। बाद में हिंसक और आंदोलन से प्रधानमंत्री हसीना को बचाने के लिए सेना अध्यक्ष ने उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी और आज वहां वीएनपी की सरकार है। श्रीलंका में भी इसी तर्ज पर आंदोलन के बाद सरकार बदली और अब नई पीढ़ी का प्रतिनिधि राष्ट्रपति है। परंतु सिवाय वैश्विक रिश्तों से बदलाव के अलावा कुछ ज्यादा नहीं बदला।

पिछले मई माह में भारत में नीट परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। यद्यपि सरकार ने 21 जून को पुनरू परीक्षा कराई। जिसमें कोई पेपर लीक नहीं हुआ। परंतु निराशा में लगभग 21 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। यद्यपि मैं आत्महत्या को कतई उचित नहीं मानता। आत्महत्या निराशा के साथ-साथ मानवीय कमजोरी भी है परंतु जिन बच्चों ने इस निराशा में आत्महत्या की उनके मन की पीड़ा उनके परिवारजनों की पीड़ा की कल्पना भी कठिन है। एक बच्ची कुमारी प्रियंका का आत्महत्या के पूर्व लिखा पत्र बहुत ही मार्मिक है। उसने अपने पिता को लिखा कि मैं एक वर्ष से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी पेपर लीक होने की वजह से परीक्षा की नई तिथि आई पर अब मैं दोबारा परीक्षा में बैठने का साहस नहीं कर सकती। साल भर नौजवान छात्र घरों से बाहर रहते हैं और तैयारी में लाखों रुपये खर्च होते हैं। वे दिन रात पढ़ते हैं? पर जब पेपर लीक होकर परीक्षाएं बढ़ती हैं तो उन्हें अपना सारा भविष्य अंधकार में लगता है।

मोदी ने या उनकी सरकार ने बच्चों और परिवारजनों के लिए दो शब्द भी सांत्वना के नहीं




कहे। यहां तक कि हम लोगों के द्वारा उनसे सार्वजनिक मांग करने के बाद भी अपने मन की बात में इन बच्चों को सांत्वना नहीं दी उल्टे गणेश चतुर्थी व स्थापना के अवसर पर मिटटी के गणेश जी ना बनाने की अपील की, जबकि गणेश स्थापना के लिए अभी तीन माह का समय था। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अतिक्रूरता और घमंड था कि देश में नेरेटिव की चर्चा वही तय करते हैं। यद्यपि 21 जून को परीक्षाएं निर्विघ्न हो गई। एक सप्ताह बाद परिणाम भी आ गये लगभग 12 लाख बच्चे नीट में पास हो गए और लगभग साढ़े ग्यारह हजार बच्चों का चयन चिकित्सा शिक्षा में भी हो गया। परंतु जो घाव 23 लाख नीट के परीक्षार्थियों और उनके परिवारजनों के मन में लग चुका था उसकी जड़ समाप्त नहीं हो सकी। भले ही 23 लाख से घटकर पुनरू हुई परीक्षा में 22 लाख बच्चे बैठे, परंतु उनके मन में यह टीस थी कि अगर पहले परीक्षा ठीक हो जाती तो शायद वह भी पास हो जाते। इस घटनाक्रम के लगभग दो माह बाद अमेरिका में रह रहे और काम कर रहे कुछ नौजवानों के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री सूर्यकांत शर्मा की एक गैर जरूरी टिप्पणी जिसमें उन्होंने इन नौजवानों की तुलना काकरोच से की थी, के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी बनी और सोशल मीडिया के नए माध्यमों व्हाटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एआई और चौटजीपीटी तथा इस प्रकार के नए टूल्स के माध्यम से इस नई पीढ़ी जिसे श्जेन जीय कहा जाता है कि यानी जो बच्चे 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए और जो सोशल मीडिया के नए माध्यमों के अभ्यस्त हैं पर सीजेपी का समाचार पहुंचा। कुछ समय बाद यह भी खबर आई की सीजेपी के फॉलोअर्स 2 करोड़ हो चुके हैं। और यह भी कि पिछले 20 वर्षों में ही भाजपा के फॉलोअर्स इससे कम हैं। इन खबरों से भी नई पीढ़ी के मन में और उत्साह जगा हालांकि 2 करोड़ फॉलोअर्स वाले सीजेपी के मुखिया श्री अभिजीत दिपके जब (अचानक या भेजे गये) हिन्दुस्तान आये तो उनकी पहली सभा जो जंतर मंतर में हुई थी उसमें बमुश्किल से 300 से 400 से भी कम की संख्या में लोग थे। 6 जुलाई से उन्होंने पुनरू जंतर मंतर पर धरना शुरू किया जिसके बाद में स्विटजरलैंड से आकर श्री सोनम वांगचुक शामिल हुए और उन्होंने अनशन शुरू कर दिया। 11 जुलाई को मेरे एक मित्र श्री अमरदीप चौरसिया वहां गए थे, वे उस आंदोलन में भक्ति भाव से समर्पित थे, ने 12 जुलाई को मुझे बताया कि 11 जुलाई को जंतर मंतर पर लगभग 200 से 250 लोग थे और 12 जुलाई को क्योंकि इतवार है इसलिये उनकी संख्या बढ़कर 400 से 500 हो सकती है। यानी देश के छात्रों और नौजवानों की तकनीकी भागीदारी अवश्य थी परंतु सक्रिय भागीदारी नहीं थी। आरंभ में सीजेपी के तत्कालीन मार्गदर्शक व प्रवक्ता योगेन्द्र यादव ने मंच से कहा था कि राजनीतिक दलों के लोग ना आए और यदि आएं तो झंडा डंडा छोड़कर आएं। और कुछ ही दिनों के बाद सीजेपी ने संसदीय राजनीतिक दलों का कालीन बिछाकर स्वागत किया और यहां तक कि श्री वांगचुक और अन्य लोगों ने भी यह अपील की कि यदि राजनीतिक दल संसद में इसे उठाने को तैयार हों तो वह अपना अनशन तोड़ देंगे। परंतु किसी राजनीतिक दल ने औपचारिक ढंग से अनशन तोड़ने की अपील नहीं की। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सार्वजनिक बयान देकर कहा कि हम इसे संसद में उठायेंगे परंतु वांगचुक से कोई अपील नहीं की। 19 जुलाई को उन्हें ले जाकर अस्पताल में भर्ती करने के बाद और 20 जुलाई को संसद मार्ग पर लाठी चार्ज और हिंसा के बाद, सभी संसदीय विरोधी दलों ने आँसू बहाना शुरू कर दिया। याने पहले तुम पिटो फिर हम आँसू बहाएंगे और अपना वोट बैंक बढ़ाएंगे। सभी सूचनाओं के अनुसार 20 जुलाई के मार्च में भी लगभग 8 से 10 हजार लोग थे जिसमें वामपंथी संगठन यानी एआईएसए, एएसएफआई तथा भीम आर्मी के नौजवान, अन्य राजनीतिक दलों के, आम आदमी पार्टी के कुछ नौजवान, जेएनयू के छात्र तथा सोशल मीडिया पर बने एक आक्रामक माहौल से प्रभावित छात्र नौजवान भी वहां पहुंचे थे।

2010 में अन्ना हजारे के अभियान के समय कारपोरेट ने इलेक्ट्रानिक मीडिया को लगभग खरीद लिया था। जिस पर महीनों केवल अन्ना हजारे ही आते थे। इस बार सोशल मीडिया और उसके टूल्स को भी लगभग इसी प्रकार इस्तेमाल किया गया। इन टूल्स के मालिक विदेशी कारपोरेट हैं। इसकी शुरूआत करने वाले भी विदेश में निवास करते हैं और प्रचार शक्ति के माध्यम से कुछ समय में देश में प्रसारित और चर्चित हो जाते हैं। अन्ना अभियान को व इस अभियान के इस पक्ष को भी देश को समझना होगा। मई माह में हमारी लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने दिल्ली, ग्वालियर और चांपा तथा अन्य स्थानों पर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिये, बयान दिये, पत्रकार वार्ता की, लेख लिखे, सभाएं आदि की परंतु हम देश के नौजवानों का साथ नहीं पा सके और सरकार भी नहीं पिघली। क्योंकि इसका मतलब है कि कोई व्यक्ति अपनी शक्ति भर लड़ने-लड़ने पर जीवन लगा सकते हैं, परंतु देश में चर्चा विदेशी प्रायोजित प्रचार तंत्र की ताकत वालों की ही होगी। यह जेन जी का वर्गीकरण कहां से हुआ और क्यों हुआ यह भी विचारणीय है। दुनिया के मार्क्सवादियों ने अमीर गरीब का वर्गीकरण किया था।

अध्यात्म

## जब हमारी नीयत अच्छी होती है और हम ईमानदारी से कर्म करते हैं

स्वामी विवेकानंद विश्वास, मेहनत और आध्यात्मिक सोच को बहुत महत्व देते थे। वे अक्सर अपने विद्यार्थियों और लोगों को एक घटना सुनाया करते थे, जो उनके विद्यार्थी जीवन की थी। उस समय वे नरेंद्र के नाम से जाने जाते थे। नरेंद्र को संस्कृत पढ़ाने वाले उनके गुरु जी बहुत गरीब थे। आर्थिक परेशानियों के बावजूद उनका विश्वास ईश्वर पर अटूट था। वे हमेशा अपने विद्यार्थियों से कहते थे कि भगवान बहुत दयालु हैं और वह अपने भक्तों का ध्यान जरूर रखते हैं। गुरु जी की यह बात विद्यार्थियों के मन में गहराई से बस गई थी, क्योंकि वे इसे केवल कहते नहीं थे, बल्कि पूरे विश्वास के साथ जीते भी थे। एक दिन गुरु जी कक्षा में पढ़ा रहे थे। तभी एक व्यक्ति वहां आया और उसने उन्हें एक मनी ऑर्डर दिया। साथ ही एक पत्र भी सौंपा। गुरु जी ने जब पत्र पढ़ा तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। कक्षा खत्म होने के बाद नरेंद्र तुरंत गुरु जी के पास पहुंचे और चिंता से पूछा, 'गुरु जी, क्या बात है? सब ठीक तो है?' गुरु जी ने बताया कि उनके परिवार के छोटे-छोटे बच्चे कई दिनों से भूखे थे। गरीबी के कारण वे उनके भोजन की व्यवस्था नहीं कर पा रहे थे। तभी एक सज्जन व्यक्ति ने उन्हें पैसे भेजे थे। पत्र में लिखा था कि वह उन्हें जानते हैं और उनके सपने में भगवान शिव आए थे। शिव जी ने उन्हें प्रेरणा दी कि वे गुरु जी की सहायता करें, इसलिए उन्होंने यह धन भेजा है। नरेंद्र ने भावुक होकर कहा, 'गुरु जी, अगर आप इतनी परेशानी में थे तो हमें बता देते। हम सभी मिलकर आपकी सहायता करते।' गुरु जी मुस्कुराए और बोले, 'जब ऊपर बैठा परमात्मा मेरी चिंता कर रहा है, तो मैं नीचे वालों से क्यों मांगूं?' यह बात नरेंद्र के मन में हमेशा के लिए बस गई। उन्होंने समझ लिया कि सच्चा विश्वास व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाता है। जब नरेंद्र आगे चलकर स्वामी विवेकानंद बने, तब उन्होंने यह घटना कई लोगों को सुनाई और बताया कि जीवन में ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए। इस कहानी की सीख यह है कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। प्रयास करना हमारा काम है, लेकिन विश्वास रखना भी उतना ही जरूरी है। जब हमारी नीयत अच्छी होती है और हम ईमानदारी से कर्म करते हैं, तो सहायता किसी न किसी रूप में हमारे जीवन में जरूर आती है। जीवन को बेहतर तरीके से जीने के लिए केवल सफलता हासिल करना ही जरूरी नहीं है, बल्कि मन को शांत, संतुलित और सकारात्मक रखना भी जरूरी है। अपने समय, विचारों, भावनाओं और जिम्मेदारियों को सही दिशा देने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों को जीवन में अपनाया जा सकता है।

# क्या वृद्धावस्था भारत की अगली बड़ी सामाजिक चुनौती है?

**वृद्ध होना प्रकृति का नियम है, लेकिन सम्मान के साथ वृद्ध होना समाज की जिम्मेदारी है। 'भारत को दुनिया का युवा देश कहा जाता है। लेकिन इसी युवा भारत के भीतर एक ऐसा भविष्य तेजी से आकार ले रहा है, जिस पर सार्वजनिक बहस अपेक्षाकृत बहुत कम है। भारत बहुत अधिक तेजी से बूढ़ा हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आएगा, लेकिन इसके संकेत दिखाई देने लगे हैं। आने वाले दशकों में भारत में बुजुर्गों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि वृद्धावस्था केवल परिवार का निजी विषय नहीं रहेगी। यह देश की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक नीति की बड़ी परीक्षा बन जाएगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार 2022 में भारत में लगभग 15.3 करोड़ लोग 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के थे।**

2050 तक यह संख्या लगभग 34.6 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। यानी आने वाले सालों में भारत की आबादी का लगभग पाँचवाँ हिस्सा वरिष्ठ नागरिकों का हो सकता है। यह सिर्फ एक जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं है। इसका अर्थ है कि जिस देश में आज रोजगार, शिक्षा और युवा आबादी को लेकर नीतियाँ बन रही हैं, उसे कल पेंशन, स्वास्थ्य, देखभाल और सामाजिक सुरक्षा के लिए भी उतनी ही गंभीर तैयारी करनी होगी।

लेकिन भारत ने वृद्धावस्था को कभी सामाजिक जिम्मदारी के तौर देखा ही नहीं है बल्कि वह अभी तक वृद्धावस्था को मुख्यतः पारिवारिक जिम्मेदारी ही मानता रहा है। भारतीय परिवार लंबे समय तक बुजुर्गों की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहे हैं। संयुक्त परिवार में बुजुर्ग अकेले नहीं होते थे। परिवार उनकी आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों को पूरा करता था। लेकिन शहरीकरण, शिक्षा, रोजगार और बड़े पैमाने पर पलायन ने परिवार की संरचना को पूरी तरह से बदल दिया है। संयुक्त परिवार छोटे हो गए हैं। बच्चे रोजगार के लिए दूसरे शहरों और देशों में जा रहे हैं। और माता-पिता, बुजुर्ग पीछे रह जाते हैं। आज स्थिति यह है कि बेटा विदेश में है, बेटी किसी दूसरे शहर में है और माता-पिता अपने पुराने घर में अकेले हैं। बच्चे पैसे भेजते हैं। वीडियो कॉल करते हैं। त्योहारों पर मिलने आते हैं। लेकिन बीमारी की रात कौन अस्पताल ले जाएगा? अचानक गिरने पर कौन उठाएगा? अकेलेपन में कौन साथ बैठेगा? इन सवालों का जवाब केवल पैसा नहीं दे सकता। यही वृद्धावस्था का सबसे बड़ा संकट है। बुजुर्गों को केवल आर्थिक सहायता की आवश्यकता नहीं है बल्कि उन्हें सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा की भी उतनी ही जरूरत है। परिवार छोटा होने और पलायन बढ़ने के साथ यह सुरक्षा कमजोर होती जा रही है। आने वाले समय में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की संख्या लगातार दुगनी गति से बढ़ रही है। इसलिए वृद्धावस्था की नीति को केवल पेंशन और चिकित्सा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। वृद्धाश्रम इस बदलती सामाजिक वास्तविकता का एक हिस्सा हैं। अकेले और निराश्रित बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम आवश्यक हो सकते हैं। लेकिन सवाल तब उठता है जब वृद्धाश्रम पारिवारिक जिम्मेदारी से बचने का आसान रास्ता बनने लगते हैं। जिस समाज में माता-पिता की देखभाल को कभी नैतिक जिम्मेदारी माना जाता था, वहाँ यदि सुविधा और व्यस्तता के कारण बुजुर्गों को परिवार से अलग कर दिया जाए तो यह केवल पारिवारिक समस्या नहीं है। यह सामाजिक मूल्यों में बदलाव का संकेत है। हाल के वर्षों में ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं जहाँ संपन्न और बड़े परिवार होने के बावजूद बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में जीवन बिताना पड़ रहा है। कुछ मामलों में मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार तक परिवार की प्रत्यक्ष उपस्थिति नहीं रही। ऐसी घटनाओं को केवल व्यक्तिगत विवाद कहकर भूल जाना आसान है। लेकिन हर ऐसी घटना हमें एक असुविधाजनक सवाल के सामने खड़ा करती है। क्या आर्थिक सफलता ने परिवार के अर्थ को छोटा कर दिया है? वहीं भारत की एक बड़ी आबादी ने अपना जीवन असंगठित क्षेत्र में काम करते हुए बिताया है। ऐसे लोगों के पास नियमित पेंशन या सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त आय की व्यवस्था नहीं होती। जब काम करने की क्षमता कम होती है, तब आय घटती है। उसी समय दवाइयों और इलाज का खर्च बढ़ने लगता है। यह दोहरा दबाव वृद्धावस्था को आर्थिक असुरक्षा में बदल देता है।

UNFPA की India Ageing Report 2023 के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग सबसे गरीब संपत्ति वर्ग में आते हैं और लगभग 18.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास कोई आय नहीं है। इन आंकड़ों को केवल संख्या समझकर छोड़ देना खतरनाक होगा। इनके पीछे उन लाखों लोगों की जिंदगी है जिनके लिए वृद्धावस्था का अर्थ आराम नहीं, बल्कि आर्थिक चिंता हो सकता है। सरकार ने वृद्धों के लिए अनेक योजनाएँ बनाई हैं। वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, अटल वयो अभ्युदय योजना और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से संबंधित कानून मौजूद हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 भी बुजुर्गों के संरक्षण और भरण-पोषण के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। समस्या यह नहीं है कि सरकार ने कुछ किया ही नहीं। समस्या यह है कि क्या किया गया काम आने वाली चुनौती के आकार के अनुरूप है या नहीं?

वहीं स्वास्थ्य का सवाल इससे भी बड़ा और गहरा है। उम्र बढ़ने के साथ बीमारियाँ बढ़ती हैं। मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, दृष्टि और श्रवण संबंधी समस्याएँ, चलने-फिरने में कठिनाई और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएँ बुजुर्गों की जिंदगी को प्रभावित करती हैं। और भारत में स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही बेहाल है। इस स्थिति में बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएँ और अधिक बढ़ जाती हैं। सरकार ने National Programme for Health Care of the Elderly के माध्यम से जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने की पहल की है। लेकिन देश की सामान्य स्वास्थ्य व्यवस्था अभी भी संसाधनों और पहुँच की असमानता से जूझ रही है। ग्रामीण भारत में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों, फिजियोथेरेपी, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और घर आधारित देखभाल की कमी बड़ी चुनौती है। वृद्ध व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य सेवा का अर्थ सिर्फ अस्पताल में इलाज नहीं है। उसे नियमित जांच चाहिए। दवाओं की निरंतरता चाहिए। पुनर्वास चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहिए। कई मामलों में घर पर देखभाल चाहिए। इसलिए आने वाले समय में भारत को ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था बनानी होगी जो केवल बीमारी का इलाज न करे, बल्कि वृद्ध व्यक्ति की पूरी जीवन-यात्रा की देखभाल करे। मानसिक स्वास्थ्य की समस्या भी कम गंभीर नहीं है। जीवनसाथी की मृत्यु, बच्चों से दूरी, सामाजिक अलगाव, आर्थिक असुरक्षा और लगातार बीमारी बुजुर्गों को अकेलेपन की ओर धकेल सकती है। लेकिन हमारी सार्वजनिक बहस में वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य को अभी भी पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता। हम बुजुर्गों के लिए दवा की बात करते हैं, लेकिन उनके अकेलेपन की दवा पर कोई बात नहीं करता। वृद्धों को केवल सहायता प्राप्त करने वाला वर्ग मानना भी एक बड़ी भूल है। उनके पास अनुभव है। ज्ञान है। सामाजिक स्मृति है। जीवन के संघर्षों से अर्जित समझ है। एक सेवानिवृत्त शिक्षक किसी युवा को पढ़ा सकता है। अनुभवी किसान नई पीढ़ी को कृषि का पारंपरिक ज्ञान दे सकता है। किसी पूर्व कर्मचारी का अनुभव युवाओं के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। लोक कलाकार और बुजुर्ग कथाकार हमारी सांस्कृतिक स्मृति को जीवित रख सकते हैं। इसीलिए 'सक्रिय वृद्धावस्था' की अवधारणा को भारत की नीति का हिस्सा बनाना होगा। वृद्धों की देखभाल के साथ उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। उन्हें समाज के किनारे बैठा हुआ व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय पूंजी समझना होगा। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपनी युवा आबादी के वर्तमान और वृद्ध आबादी के भविष्य को एक साथ कैसे संभाले।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। मनचाही खुशखबरी मिलने से घर और दोस्तों के बीच खुशी का माहौल रहेगा।

**वृषभ**
किसी शुभ समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। परिवार, खासकर पिता का सहयोग आपके लिए लाभदायक साबित होगा। कारोबार में अवसर मिलेंगे।

**मिथुन**
आज नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। व्यापार में सोच-समझकर लिया गया फैसला भविष्य में बड़ा लाभ दिला सकता है।

**कर्क**
खास व्यक्ति के साथ बिताया गया समय मन को प्रसन्न करेगा। परिवार से जुड़ी खुशी गर्व बढ़ा सकती है। बच्चों और बुजुर्गों का साथ मानसिक शांति देगा।

**सिंह**
आज उत्साह और जोश आपके हर काम में दिखाई देगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सफलता के संकेत मजबूत हैं।

**कन्या**
आज किस्मत आपका अच्छा साथ देगी। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान और तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**तुला**
आज खुशियों की सौगात आपके घर दस्तक दे सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और कार्यशैली विरोधियों को भी प्रभावित करेगी। अधूरे काम पूरे होंगे।

**वृश्चिक**
नौकरी में पदोन्नति और आय बढ़ने के शुभ योग बन रहे हैं। परिवार का सहयोग हर कदम पर आपका हौसला बढ़ाएगा। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत है।

**धनु**
आज प्रगति की नई राहें खुल सकती हैं। व्यापार में साझेदारी लाभदायक साबित होगी। इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर**
आज उन्नति के नए अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। निवेश से पहले सही सलाह लेना लाभदायक रहेगा। कीमती वस्तु या नया वाहन खरीदने का योग बन सकता है।

**कुंभ**
प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में प्रगति हो सकती है। विद्यार्थी अपने संदेह दूर कर पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। परिवार के साथ बातचीत करने से कई उलझनों का समाधान मिलेगा।

**मीन**
आपका विनम्र स्वभाव लोगों का दिल जीत लेगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह आपको बड़ी सफलता की ओर ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल के बीच वॉलंटियरशिप एवं इंटर्नशिप हेतु एमओयू



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल, पटना (एनजीओ) के बीच वॉलंटियरशिप, इंटर्नशिप एवं शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास, फील्ड-आधारित प्रशिक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के अवसर प्रदान करना है। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न इंटर्नशिप एवं स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, व्यावसायिक कौशल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होगा। कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं करियर विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### चोरी कांड का सफल उद्भेदन 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घर के बाहर खड़ी सीएनजी ऑटो चोरी मामले में शाहपुर पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से चोरी के ऑटो व ई-रिक्शा बरामद किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि एक वादी के द्वारा शाहपुर थाना में एक आवेदन दिया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि शाहपुर थाना अन्तर्गत ग्राम- नरगदा खगड़ी में इनके घर के सटे मंदिर के पास से इनका सीएनजी ऑटो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा रात में चोरी कर लिया गया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष शाहपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर उक्त चोरी की ऑटो को बिक्री करने जा रहे एक व्यक्ति ब्रहमचारी पोखरा, मनेर का नितिश कुमार को पकड़ा गया। जिनके पास से चोरी की ऑटो को बरामद किया गया तथा इनके निशानदेही पर चोरी की एक ई-रिक्शा को भी बरामद किया गया तथा चोरी घटना में संलिप्त चार और अभियुक्तों गोपाल कुमार, रूपेश कुमार, चन्दन कुमार एवं विशाल कुमार गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा ने किया धनरुआ थाना का निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना शैलजा ने धनरुआ थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस, CCTNS प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों और विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का भी अवलोकन किया।नगर पुलिस अधीक्षक ने पदाधिकारियों और कर्मियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए और उसे समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। पारदर्शिता बनाए रखते हुए जनता को त्वरित न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। कर्मियों को सतर्कता, जनसेवा और कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन करने का निर्देश दिया।अपराध की रोकथाम और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्ती और वाहन जांच को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष अमित कुमार सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### पिपरावां से युवती लापता

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पिपरावां गांव से एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के चाचा ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। आवेदक युगल किशोर उम्र 59 वर्ष, पिता स्व. भोला सिंह, निवासी पिपरावां, थाना धनरुआ,ने बताया कि उनकी भतीजी दिव्या कुमारी उम्र करीब 18 वर्ष, पिता राजु रंजन सुबह करीब 5:30 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने रात भर और उसके बाद भी काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। आवेदक का आरोप है कि मोबाइल नंबर 9155680123 वाले व्यक्ति ने उनकी भतीजी दिव्या कुमारी को बहला-फुसलाकर ले गया है। लापता युवती का मोबाइल है जो कभी खुलता है और कभी बंद रहता है। पीड़ित ने पुलिस से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर उनकी भतीजी को बरामद किया जाए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।धनरुआ पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और युवती की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल लोकेशन और सीडीआर के आधार पर लापता युवती का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### मोकामा में भाकपा की पदयात्रा



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी, नीट पेपर लीक सहित कई जनहित के मुद्दों को लेकर आज मोकामा अंचल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकर्ताओं ने पद यात्रा निकाली।यह पदयात्रा औंटा से शुरू होकर रामपुर डुमरा पंचायत तक गई। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने उक्त मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की।इस पदयात्रा में भाकपा नेता राजू प्रसाद, प्रोफेसर जय प्रकाश सिंह, चंद्रभूषण सिंह, मुरारी जी सहित पार्टी के कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।पार्टी नेताओं ने कहा कि राम मंदिर जैसे आस्था के केंद्र में चढ़ावे में चोरी गंभीर मामला है, वहीं नीट जैसी परीक्षा में पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में है। इन सभी मुद्दों पर सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए।

### गंगा में नहाने के दौरान 14 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोर गाँव में सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना घटी। गंगा नदी में नहाने के दौरान 14 वर्षीय किशोर अमन कुमार की डूबने से मौत हो गई।मृतक अमन कुमार मूल रूप से अथमलगोला प्रखंड के लक्ष्मीपुर गाँव, वार्ड संख्या 15 निवासी महेश यादव का पुत्र था। वह पिछले कुछ समय से मोर स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह अपने नाना अभिमन्यु यादव के यहाँ रहता था और स्थानीय स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था।बताया जा रहा है कि सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच अमन गंगा नदी में नहाने गया था, तभी गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही गाँव में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना के बावजूद एसडीआरएफ की टीम समय पर नहीं पहुँची, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय मछुआरों ने ही अमन के शव को नदी से बाहर निकाला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे मोर गाँव में मातम पसरा हुआ है।गौरतलब है कि मोकामा में पिछले दो दिनों में गंगा में डूबने की यह दूसरी घटना है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लाखों रुपए के आभूषण एवं नगदी की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में इन दिनों घरों में घुसकर चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।ऐसें में मणिचक मुहल्ले में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर का ताला तोड़कर सोने के गहने, नकदी और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़िता रीता कुमारी, पति रविन्द्र कुमार, निवासी मणिचक ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार 8 अगस्त 2026 की रात वह अपने नानी घर सोने गई गई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर गोदरेज और अलमारी तोड़ दी। चोर मंगलसूत्र, झुमका, चेन, कान की बाली समेत मोबाइल और लगभग 35 हजार रुपये नकद लेकर भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से गहने, मोबाइल और नकदी बरामद कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केंद्रीय विद्यालय की छात्रा रहस्यमय ढंग से लापता

## रेलवे ट्रैक पर मिला स्कूल ड्रेस,बैग और आई कार्ड



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोको रेलवे कॉलोनी क्षेत्र से सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई दसवीं कक्षा की छात्रा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस मामले में मंगलवार को जांच तेज कर दी गई। FSL की टीम रेलवे ट्रैक पर पहुंची और वहां से बरामद हुए बैग तथा वर्दी की वैज्ञानिक जांच की। इस दौरान दानापुर एसडीपीओ-1 और खगौल थानाध्यक्ष समेत पुलिस के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। दरअसल पूरा मामला सोमवार से जुड़ा है। उस दिन सुबह छात्रा सामान्य दिनों की तरह घर से स्कूल के लिए निकली थी। दोपहर में छुट्टी होने के बाद वह एक सहेली के साथ पैदल घर लौट रही थी। रास्ते में दोनों अलग हो गईं। सहेली अपने घर पहुंच गई लेकिन दूसरी छात्रा घर नहीं पहुंची। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजन स्कूल पहुंचे तो पता चला कि वह छुट्टी के बाद परिसर से बाहर निकल चुकी थी। इसके बाद घरवालों और मोहल्ले के लोगों ने आसपास के इलाकों में खोजबीन शुरू की। तलाश के क्रम में दानापुर रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में छात्रा का स्कूल बैग और वर्दी मिलना पूरे मामले को और गंभीर बना गया। इसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। सरारी गुमटी के पास बिहटा-खगौल मुख्य मार्ग पर लोगों ने जाम लगा दिया और टायर जलाकर प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों ने रेलवे लाइन के किनारे पड़े खाली क्वार्टरों में असामाजिक तत्वों के जमावड़े का भी आरोप लगाया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। मंगलवार को पुलिस ने जांच को दो हिस्सों में बांटा। पहले FSL की टीम को रेलवे ट्रैक के पास भेजा गया जहां से सामान बरामद हुआ था। टीम ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस टीम सीधे स्कूल पहुंची। वहां प्राचार्य और शिक्षकों से छात्रा के संबंध में जानकारी ली गई। स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। पुलिस अभी छात्रा के स्कूल पहुंचने, छुट्टी के बाद वहां से निकलने और उसके बाद की गतिविधियों की कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुटी है।

### 10 वर्षीय छात्र लापता, थाने में दी गुमशुदगी की सूचना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रोग्रेस पब्लिक स्कूल के एक 10 वर्षीय छात्र के स्कूल से छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचने से परिजनों में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने थाने में आवेदन देकर बच्चे की बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके फुफेरे भाई भाष्कर कुमार उर्फ गोविंद उम्र 10 वर्ष, 10 अगस्त 2026 को सुबह 10:00 बजे प्रोग्रेस पब्लिक स्कूल पढ़ने गया था। स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह निर्धारित समय तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो गए। आनन-फानन में परिजन स्कूल पहुंचे और शिक्षकों से पूछताछ की। शिक्षकों ने बताया कि छात्र स्कूल से निकल गया था, लेकिन उसके बाद वह कहां गया इसकी जानकारी नहीं है। परिजनों ने आसपास के इलाके, रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों में काफी खोजबीन की, लेकिन छात्र का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में हिलसा कॉलेज में नारेबाजी, 25 अगस्त तक जारी रहेगा आंदोलन



**दनियावां (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक विवि अधिनियम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत मंगलवार 11 अगस्त को बिहार के सभी महाविद्यालयों में दोपहर 1:30 बजे से 2:00 बजे तक आधे घंटे का नारेबाजी कार्यक्रम किया गया। इसी के तहत श्रीचंद उदासीन कॉलेज,हिलसा में गूंजे विरोध के नारे अनुमंडल के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय श्री चंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में शिक्षक-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में जोरदार नारेबाजी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. पिंकी कुमारी और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन ने संजुक्त रूप से की। नारेबाजी में शिक्षक संघ के प्रतिनिधि डॉ. संदीप इंद्रा, डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, सचिव शैलेश कुमार, संयुक्त सचिव आलोक कुमार सिंह,सुभद्रा सिन्हा,कुमार पवन, रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार, प्रदीप कुमार, मोहम्मद वसीम, सुनीती देवी, बजरंगी लाल वर्मा, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. शिवचंद्र सिंह ने भी पहुंचकर आंदोलन की सफलता की शुभकामना दी। कुलपति-रजिस्ट्रार भी आए समर्थन में उधर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय परिसर में हुए प्रदर्शन में कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह, कुलसचिव प्रो. अबू बकर और डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन भी पहुंचे। उन्होंने इस काले कानून को निरस्त करवाने का समर्थन करते हुए कहा कि "जो हो रहा है वह गलत है। विश्वविद्यालय की गरिमा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। नारेबाजी के दौरान 'शिक्षा सत्ता की जागीर नहीं, विश्वविद्यालय किसी की जागीर नहीं', 'स्वायत्तता हमारी शान है', 'ज्ञान के मंदिर पर पहरा क्यों', 'जब हिटलरशाही नहीं चली तो तानाशाही नहीं चलेगी', 'शिक्षा का सम्मान करो - काला विधेयक वापस लो' के नारे गूंजे। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अनुसार 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक रोज दोपहर 1:30 से 2:00 बजे तक सभी महाविद्यालयों में नारेबाजी होगी।

## उलार सोरंगपुर पैक्स अध्यक्ष के नेतृत्व में सफल हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान

### घर-घर तिरंगा फहराकर ग्रामीणों ने जताया राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का दिया संदेश





**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उलार सोरंगपुर में पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया गया। अभियान में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। इस दौरान ग्रामीणों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के महत्व की जानकारी दी गई। लोगों ने तिरंगे के साथ अपनी सहभागिता दिखाते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर पर तिरंगा फहराने का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक करना है। अभियान के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना मजबूत होती है।

### मसौढ़ी के श्रीनगर मुहल्ले से नाबालिग लड़की लापता

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले से एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। लड़की की मां ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर बेटी की बरामदगी और कार्रवाई की मांग की है। थाने में दर्ज केस नंबर 721/26 के अनुसार, अनीता देवी, पति स्व. मधेश कुमार, निवासी श्रीनगर मसौढ़ी ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी को दोपहर करीब 12 बजे दवा लाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि खोजबीन में पता चला कि ग्राम बासोपट्टी, थाना धनरुआ निवासी सुरंजन कुमार उर्फ गोलू कुमार, पिता सुरेन्द्र प्रसाद उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।पीड़ित मां का कहना है कि 04.08.2026 को वह आरोपी के घर गई थीं और बेटी के बारे में पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। इसके बाद 09.08.2026 को उन्होंने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी।

## अगस्त क्रांति के दो महानायक शहीद रामगोविंद -रामानंद को पुनपुन में श्रद्धांजलि



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'भारत छोड़ो' आंदोलन की आग में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुनपुन के दो सपूतों शहीद रामगोविंद सिंह और शहीद रामानंद सिंह को शहादत दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।1942 की अगस्त क्रांति के दौरान पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान सात युवकों ने अंग्रेजों की गोली खाकर शहादत दी थी। उन्हीं सात शहीदों में दो शहीद पुनपुन के लाल रामगोविंद सिंह और रामानंद सिंह थे। उनकी याद में पुनपुन पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर आज लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में मसौढ़ी एसडीएम धनराज कुमार ने माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान शहीदों के परिजन मधुसूदन सिंह, मनीष कुमार, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। इस मौके पर शहीद रामगोविंद सिंह की 102 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ तिरंगा फहराना इस बात का आगाज था कि अब अंग्रेजों को भारत छोड़ना ही होगा। देशभक्ति के जज्बे से लबरेज इन सात शहीदों ने अपनी जान देकर आजादी की नींव रखी। इनमें दो शहीद पुनपुन के थे, जो हमारे लिए गर्व की बात है।समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों के आदर्शों पर चलने और देशसेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी पटना ज़िला अध्यक्ष ग्रामीण, मधुसूदन कुमार सिंह सतगुरु प्रसाद गुप्ता,विनोद सिंह,ओम सिंह अश्विनी कुमार सिंह,लाल मोहन सिंह, रणजीत पटेल, मसौढ़ी अनिल कुमार, बराह पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार सुधीर कुमार सैकड़ों सामाजिक गणमान्य उपस्थित रहे।

## एनएच-22 पर 30 दुकानों पर चला बुल्डोजर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया नेशनल हाईवे-22 के किनारे अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जिले से गुजरने वाले ठल्-22 को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया है। अभियान के तहत मसौढ़ी के नदौल इलाके में सड़क किनारे बने तकरीबन 30 दुकानें जिसमें ढाबों, होटल्स और चाय-नाश्ते की दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अगले 20 दिनों के अंदर हाईवे के राइट ऑफ वे क्षेत्र से सभी अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। बताया जा रहा है की अब ठल् के किनारे कोई भी नया ढाबा, होटल या व्यावसायिक निर्माण करने से पहले एनएचएआई राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग और पथ निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग ने भी नियम सख्त किए हैं। आवासीय क्षेत्र में हाईवे से 40 मीटर और व्यावसायिक क्षेत्र में 75 मीटर तक के दायरे को सेफ्टी जोन घोषित किया गया है। इस दायरे में बिना अनुमति कोई निर्माण नहीं होगा। दंडाधिकारी के रूप मे तैनात अंचल राजस्व पदाधिकारी मुरारी चौहान ने बताया कि इस अभियान के दौरान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 22 के दोनों और अतिक्रमण हटाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम और दुर्घटनाएं होती थीं। प्रशासन की इस कार्रवाई से हाईवे पर आवागमन सुगम होगा और सड़क सुरक्षा भी बढ़ेगी।प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अवैध निर्माण हटा लें, अन्यथा 20 दिन बाद सख्ती से बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

### मसौढ़ी के सगुनी में घर में चोरी, नकदी और सोने के गहने ले गए चोर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सगुनी गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर लिए। इस मामले में पीड़ित विनोद शर्मा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि चोरों ने घर में घुसकर लोहे के बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 25 हजार रुपये नकद और लगभग पांच तोला सोने के गहने चोरी कर फरार हो गए।

### अवैध हथियार और शराब मामले में टीओपी प्रभारी दरोगा निलंबित



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 21, चिंतामणिचक निवासी रंजन कुमार उर्फ कारू की 7 जुलाई को हुई गिरफ्तारी का मामला तूल पकड़ने के बाद पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। परिजनों द्वारा लगाए गए अवैध गिरफ्तारी के आरोप और दिए गए आवेदन के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना ने मोकामा थाना के चिंतामणिचक टीओपी प्रभारी दारोगा राजेश कुमार को निलंबित कर दिया है। बता दें कि रंजन कुमार को राजेश कुमार ने ही गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से ही उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे थे।पुलिस के अनुसार, रंजन के बंद पड़े एक घर से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और 3.6 लीटर शराब बरामद की गई थी। इसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया था।

## शहीद राजेंद्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया याद



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय पर झंडा फहराने में शहीद राजेंद्र सिंह की याद करते हुए दानापुर नगर परिषद के पास आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक, जदयू महासचिव मनीष वर्मा, दिनेश राय, शहीद के पौत्र संजय सिंह, अतुल सिंह, विकास सिंह, गोलू सिंह, कृष्णा पटेल, पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ.अन्नू कुमारी, गौरव गोलू, विधायक मंटू पटेल, भाजपा नेता शंकर सिंह, ब्रजेश सिंह, शाहील सिन्हा के अलावा कई गणमान्य लोग शहीद राजेन्द्र सिंह एवं उनकी पत्नी स्व. सुरेश देवी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। शहीद के पौत्र संजय सिंह ने बताया कि शहीदे राजेंद्र सिंह भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 11 अगस्त 1942 को पटना के सचिवालय पर तिरंगा फहराने के समय अंग्रेजों की गोलियों का निशाना बन गए थे। मगर उन्होने अपने छह साथियों संग तिरंगे को जमीन पर गिरने नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि सोनपुर नयागांव बनवारचक के शहीद राजेंद्र सिंह की पत्नी सुरेश देवी का 24 मई 2021 को चित्रगुप्त नगर स्थित आवास पर निधन हो गया था। उनकी प्रतिमा भी शहीद राजेंद्र सिंह की प्रतिमा के बगल में स्थापित की गई।

## 26 बिहार बटालियन ने निकाली 'हर घर तिरंगा' यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा उठा पूरा खगौल



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 26 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व 26 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुशांत गोविल की निगरानी में किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के अधिकारियों सहित करीब 200 कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा जे.एन. लाल कॉलेज, खगौल से शुरू होकर दानापुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित तिरंगे तक निकाली गई। इस दौरान कैडेट हाथों में तिरंगा लेकर ह्यभारत माता की जयह्व के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे यात्रा मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बना रहा और कैडेटों में खासा उत्साह एवं जोश देखने को मिला।इस अवसर पर कर्नल सुशांत गोविल ने कहा कि देश के प्रति समर्पित रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्रप्रेम और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी अधिकारी सूबेदार महेंद्र सिंह, कैप्टन सुनील कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सुभाष कुमार झा, हवलदार बिंदे तथा सीटीओ कोनार्क बस्ट सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अथमलगोला के कल्याणपुर पंचायत सरकार भवन तक नहीं है संपर्क पथ, जलजमाव और कीचड़ व्याप्त



**औरंगाबाद**। पटना में आयोजित सीनियर छठवीं राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप-2026 में औरंगाबाद की प्रतिभावान खिलाड़ी वसुंधरा तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फरी सोटी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में वसुंधरा तिवारी ने शानदार खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर उन्होंने औरंगाबाद जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं जिले के खेलप्रेमियों द्वारा वसुंधरा तिवारी को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। साथ ही, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। वसुंधरा तिवारी की यह उपलब्धि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा खेल के क्षेत्र में जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करती है।



## गौरैया एक अधूरा आंगन पुस्तक का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव का समापन 'गौरैया : एक अधूरा आंगन' पुस्तक के लोकार्पण के साथ हुआ। प्रसिद्ध कवि एवं लेखक श्रीराम राय द्वारा संपादित पुस्तक का लोकार्पण पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह एवं औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर समकालीन जवाबदेही के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ. शिवपूजन सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह, आयोजन समिति अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, सचिव श्याम दत्त मिश्रा, मुकुंद माधव मिश्र, रामप्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. संजीव रंजन, चंद्र प्रकाश विकास, राम भजन सिंह एवं विनय मामूली सहित अन्य उपस्थित रहे। श्रीराम राय ने बताया कि गौरैया विलुप्ति के कगार पर है। पुस्तक के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा और गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। सह संपादक सुरेश विद्यार्थी एवं डॉ. रविंद्र प्रसाद दैवज्ञ ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पुस्तक बताया।




## प्रभावित व जरूरतमंद लोगों तक अविलंब पहुंचाएं राहत और सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बाढ़ एवं सुखाड़ से संबंधित पूर्व तैयारियों की जिला अतिथि गृह में बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिले में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की गई पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आपदा की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं उनकी तत्परता बनाए रखने के साथ-साथ आपदा प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध रूप से राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों की भूमिका जनहित एवं जनकल्याण से सीधे जुड़ी हुई है। अतः सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों तक राहत एवं सहायता पहुंचाने में किसी प्रकार की विलंबता नहीं होनी चाहिए तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी एवं समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## शौचालय योजना की राशि में बड़े घोटाले,रिश्वतखोरी और फर्जीवाड़े का मुखिया संघ ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। रजौली प्रखंड में स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण की राशि वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला उजागर हुआ है। रजौली प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंटू साव के नेतृत्व में विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संयुक्त शिकायत पत्र पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह हरदिया पंचायत के मुखिया पिंटू साव, रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय कुमार,लेंगुरा पंचायत के मुखिया सरिता देवी, सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह,अमावां पूर्वी पंचायत के मुखिया फूलवा देवी,मुरहेना पंचायत के मुखिया ईश्वरी प्रसाद,बहादुरपुर पंचायत के मुखिया रेणु देवी,चितरकोली पंचायत के मुखिया पूजा कुमारी, रजौली पश्चिमी पंचायत के मुखिया सुभद्रा सिन्हा और फरकाबुजुर्ग पंचायत के मुखिया उमा देवी सहित अन्य पंचायतों के मुखियाओं ने हस्ताक्षर कर अविलंब उच्चस्तरीय जांच, कानूनी कार्रवाई तथा आरोपी अधिकारी के तबादले की मांग की है।मुखिया संघ ने प्रखंड समन्वयक पर नाजायज राशि लेकर फर्जी भुगतान करने और सरकारी धन के गबन का आरोप लगाते हुए उप विकास आयुक्त नवादा को एक विस्तृत शिकायत पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा है। इसके साथ ही इस पूरे मामले की प्रतिलिपि जिला अधिकारी नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली और प्रखंड विकास पदाधिकारी रजौली को भी लिखित रूप में भेजी गई है।शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार द्वारा रिश्वत लेकर एक ही लाभुक को दो-दो बार भुगतान कर दिया गया है।इसके अलावा नियम-कानूनों को ताक पर रखकर एक ही परिवार में पति और पत्नी दोनों के नाम पर शौचालय निर्माण की राशि जारी की गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई पंचायतों में धरातल पर बिना शौचालय बने ही कागजों पर भुगतान स्वीकृत कर दिया गया। मुखिया संघ ने अपने दावों के समर्थन में साक्ष्य के रूप में अमावां पूर्वी पंचायत और जोगियामारण पंचायत में किए गए दोबारा भुगतान के छायाप्रति दस्तावेज भी वरीय अधिकारियों के पास भेजा है। मामले में यह भी खुलासा हुआ है कि जब पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने इस फर्जीवाड़े का विरोध किया और प्रखंड समन्वयक से सवाल पूछे, तो वे आग बबूला हो गए और पर्यवेक्षकों को नौकरी से हटवाने की धमकी देने लगे।आरोप है कि इसके बाद से प्रखंड समन्वयक स्थानीय दलालों के माध्यम से लाभुकों से रिश्वत की रकम वसूल रहे हैं।रजौली मुखिया संघ द्वारा जब अपने स्तर से इस पूरे मामले की जांच की गई तो शिकायतें सत्य पाई गईं। इसके बाद जब जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड समन्वयक से स्पष्टीकरण मांगा, तो उन्होंने कोई भी संतोषजनक जवाब देने से साफ इनकार कर दिया।मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंटू साव सहित अन्य प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में तैनात प्रखंड समन्वयक पंचायतों के साथ बेहतर समन्वय

## तिरंगा रैली में गूंजे देशभक्ति के नारे, रंगोली में दिखे राष्ट्रभक्ति के रंग

**अंबा (औरंगाबाद)**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा-2026' अभियान के तहत मंगलवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के छात्र-छात्राओं ने पोषक क्षेत्र में भव्य तिरंगा रैली निकाली। हाथों में तिरंगा थामे 300 से अधिक बच्चे 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'तिरंगा झंडा अमर रहे' के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रैली से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। बच्चों ने ग्रामीणों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। रैली के बाद विद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता हुई। छात्राओं अंशु, काजल, ज्योति, प्रिया, खुशबू, खुशी, रानी, निधि और चंदा समेत अन्य ने केसरिया, सफेद और हरे रंगों से आकर्षक तिरंगा रंगोलियां बनाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में देश, संविधान और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान बढ़ाते हैं।

## एक नजर

### पोला के समीप दो बाइकों में जोरदार टक्कर, दो घायल; एक सदर अस्पताल रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। झारखंड से लौट रहे बाइक सवारों की पोला गांव के समीप दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सोमवार की रात्रि की है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों में सड़सी गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के 35 वर्षीय पुत्र मुकुल सिंह की पहचान हुई है। बताया जाता है कि दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई, जिससे सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। एक घायल को परिजन औरंगाबाद की ओर ले गए, जबकि मुकुल सिंह को रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले जाया गया। सूचना पर अंबा थाना की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल मुकुल सिंह को तत्काल रेफरल अस्पताल पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सूचित कुमार पांडेय ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया। पुलिस दूसरे घायल की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत रहुई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**बिहारशरीफ**। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत रहुई की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मी, स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर बिजली कार्यालय, बस स्टैंड और बजरंगी मोड़ होते हुए रहुई बाजार पहुंची। यात्रा के दौरान प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, जय हिंद और जय भारत के नारे लगाते रहे। इससे पूरा मार्ग देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अलबेला राय ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी अनुराधा कुमारी, बीपीआरओ शशि कुमार, परमानंद चन्द्रवंशी, रामलगन महतो, राकेश कुमार, राज बलम राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नगर में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश दिया गया।

### तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे

**परवलपुर**। मंगलवार को पूरे परवलपुर बाजार क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में स्कूली बच्चों, प्रखंड कर्मियों और नगर पंचायत कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।हजारों बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा बाजार क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में कन्या उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय और कन्या प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रखंड एवं नगर पंचायत के कर्मी शामिल हुए।यात्रा के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बच्चे देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इससे पूरे क्षेत्र का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।

### पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**मदनपुर**। आजन एवं देवजरा थाना की पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त रूप से मदनपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों, उनसे बचाव के तरीकों और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इसी क्रम में मनिका उच्च माध्यमिक प्लस टू विधालय के छात्रों को साइबर से संबधित जरूरी जानकारी दी गई। इस अवसर पर आज़न थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल और इंटरनेट हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गए हैं, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराध का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों से स्वयं जागरूक रहने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की, ताकि वे थोड़ी सी लापरवाही के कारण साइबर ठगी का शिकार होने से बच सकें। वहीं देवजरा थानाध्यक्ष कुशो कुमार ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक संबंधी जानकारी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने साइबर अपराध से बचाव के उपायों को ध्यान से सुना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### डकैती के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोहिउद्दीननगर थाना पुलिस ने छापेमारी कर डकैती के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी की पहचान पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के विचनी मलाही गांव निवासी स्व. तनीक सिंह के पुत्र चन्दन कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चन्दन कुमार सिंह मोहिउद्दीननगर थाना कांड संख्या 105/21 में डकैती के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### हत्या मामले में फरार आरोपित धराया

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी स्व. मुन्निदर सिंह के पुत्र रौशन कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी कल्याणपुर थाना कांड संख्या 302/26 में हत्या के प्रयास के मामले में नामजद अभियुक्त है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

### 1024 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरायरंजन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 1024 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव निवासी नरेश महतो के पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिलने के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए पिकअप की जांच की। तलाशी के दौरान वाहन पर भारी मात्रा में विदेशी शराब लदी मिली। पुलिस ने शराब के साथ पिकअप, दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। मामले को लेकर सरायरंजन थाना में कांड संख्या 204/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2022 की धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी भी जानकारी जुटा रही है।

### 75 लीटर देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुगौली पुलिस ने अलग -अलग स्थानों पर कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देसी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार, पिता- दुमन मांझी, सा. मुशहरी टोला, छपवा, अजय साह, पिता- रामलाल साह तथा मिथलेश पटेल, पिता- सुरेन्द्र पटेल, सा. छगराहां वृता टोला, थाना सुगौली शामिल हैं।थाना प्रभारी अनीश कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कार्रवाई की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### चोरी के आरोप में दो युवकों को खंभे से बांधकर पिटाई

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव से एक बड़ी और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर जमकर हंगामा कर दिया।स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों युवकों पर इलाके में चोरी की घटनाओं में शामिल होने का शक था। इसी शक के आधार पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और एक खंभे से बांधकर उनकी पिटाई कर दी।



घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई।इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह भीड़ गुस्से में आकर कानून को अपने हाथ में ले रही है।घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण लंबे समय से चोरी की घटनाओं से परेशान थे, जिसके चलते उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने खुद ही कार्रवाई करने की कोशिश की।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही वायरल वीडियो के आधार पर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस का कहना है कि कानून को हाथ में लेने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।यह घटना एक बार फिर इस सवाल को खड़ा करती है कि क्या लोगों का कानून व्यवस्था से भरोसा कमजोर हो रहा है, या फिर भीड़ बिना सोचे-समझे खुद ही न्याय करने पर उतर रही है।

### बीडीओ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी

**मोतिहारी/केसरिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज सुबह 10:30 बजे से सम्राट अशोक भवन परिसर से केसरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी स्थानीय गणमान्य एवं अन्य पदाधिकारीगण को आमंत्रित किया गया है। यह तिरंगा यात्रा केसरिया नगर के पिंताबर चौक होते हुए विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप पहुंचेगी। उसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले राष्ट्रगान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई स्क्रीनिंग

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन के तत्त्वावधान में स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2026 के अवसर पर होने वाले राष्ट्रगान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन मंगलवार को स्क्रीनिंग के माध्यम से कर लिया गया। शहर के महात्मा गाँधी प्रेक्षागृह में विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी विधालय एवं संस्थाओ के प्रतिभागियो ने राष्ट्रगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहाँ निर्णायक मंडल सदस्यों ने श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया।



स्क्रीनिंग में छात्र- छात्राओं ने देशभक्ति व पारंपरिक लोककला से जुड़े कई आकर्षक व मनोहारी प्रदर्शन किए। निर्णायक मंडल सदस्यों में मुंशी सिंह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, वरीय संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, एवं अभय अनंत शामिल थे।संचालन आदित्य मानस ने किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरि, समग्र शिक्षा के मीडिया प्रभारी शकील अहमद सहित अन्य मौजूद रहें। राष्ट्रगान के लिए चयनित टीमें गाँधी मैदान, समाहरणालय परिसर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस केंद्र, अनुमंडल कार्यालय सदर, जिला परिषद, गाँधी संग्रहालय, नगर निगम कार्यालय आदि जगहों पर अपनी प्रस्तुति देंगी। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयनित टीमें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संध्याकाल महात्मा गाँधी प्रेक्षागृह में अपनी कला के विविध रंगों को बिखेरेंगी।

### स्वर्ण व्यवसायी से लूट के विरोध में परसागढ़ बाजार में रही बंद

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र स्थित परसागढ़ बाजार के स्वर्ण व्यवसायी संदीप सोनी के साथ सोमवार को हुई सोना-चांदी, मोबाइल व अन्य सामान की लूट के विरोध में मंगलवार को परसागढ़ बाजार के लगभग दो दर्जन स्वर्ण व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध जताया। व्यवसायियों ने घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए बाजार की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने और लूटकांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। बाजार बंद की सूचना मिलने पर एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और व्यवसायियों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। इसी दौरान एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल भी परसागढ़ बाजार पहुंचे। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि व्यवसायियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए पुलिस-प्रशासन के स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि परसागढ़ बाजार में पुलिस चौकी दोबारा खोलने को लेकर उन्होंने थाने के वरीय पुलिस अधीक्षक से पूर्व में बातचीत की थी। उस समय व्यवसायियों से पुलिस चौकी खोलने के लिए लिखित आवेदन देने को कहा गया था, लेकिन अब तक व्यवसायियों की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालयों में तिरंगा यात्रा

## प्रभात फेरी, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत राष्ट्रभक्ति एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला पदाधिकारी ने जिले के विद्यालयों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी से सफल बनाया जाए तथा बच्चों एवं युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाए। अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा एवं प्रभात फेरी निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों एवं गीतों के साथ विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण किया तथा आमजनों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालयों में चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने तिरंगा, राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम, भारत की विविधता में एकता तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान की भावना को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में देशभक्ति गीत, समूहगान, नृत्य, भाषण, कविता-पाठ एवं नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान, राष्ट्र की एकता-अखंडता तथा नागरिक कर्तव्यों से संबंधित संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय परिसरों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव का वातावरण बना। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता का प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, त्याग, बलिदान एवं राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा है। उन्होंने अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को और मजबूत करने पर बल दिया। आगामी 17 अगस्त तक जिले में ह्यहर घर तिरंगा अभियानह्ण के तहत विभिन्न जागरूकता एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# केएसआर कॉलेज बचाने हेतु16 अगस्त को सरायरंजन से पटना तक पदयात्रा

## मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष के आवास तक पहुंचेगा कारवां सरायरंजन



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित रूट से सरायरंजन के ऐतिहासिक केएसआर कॉलेज के अस्तित्व पर पड़ने वाले कथित प्रभाव के विरोध में अब आंदोलन तेज करने की तैयारी है। समाजसेवी कुणाल कुमार के नेतृत्व में 16 अगस्त 2026 से सरायरंजन से पटना तक पदयात्रा निकालने की घोषणा की गई है। पदयात्रा मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के आवास तक पहुंचकर कॉलेज को बचाने और एक्सप्रेसवे के वैकल्पिक रूट की मांग रखेगी। केएसआर कॉलेज बचाओ आंदोलन समिति की ओर से प्रेस वार्ता में कहा गया है कि विकास परियोजनाओं का विरोध नहीं है, लेकिन क्षेत्र की शैक्षणिक विरासत को नुकसान पहुंचाकर विकास स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति का आरोप है कि एक्सप्रेसवे की योजना के कारण कॉलेज के अस्तित्व पर संकट पैदा हुआ है और रूट निर्धारण में राजनीतिक प्रभाव तथा प्रशासनिक स्तर पर अनियमितता बरते जाने की आशंका है। समिति के अनुसार, इस मुद्दे को पहली बार 4 मई 2025 को समाजसेवी कुणाल कुमार एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद 8 मई को मंत्री विजय कुमार चौधरी की बैठक में रूट परिवर्तन का मौखिक आश्वासन मिलने का दावा किया गया। समिति का आरोप है कि बाद में बिना आधिकारिक अधिसूचना के स्थानीय स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर मामले को शांत करने का प्रयास किया गया। प्रेस वार्ता में राजस्व विभाग के अधिकारियों की पदस्थापना और सरायरंजन में प्रस्तावित पावर प्लांट के स्थान को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। समिति का दावा है कि पावर प्लांट के लिए पहले उपलब्ध सरकारी जमीन के बजाय दूसरे स्थान पर निजी जमीन के अधिग्रहण से सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ा। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की गई है। समिति ने एनएचएआई के एक कथित स्पष्टीकरण का भी उल्लेख करते हुए दावा किया कि अधिकारियों से बातचीत और उपलब्ध साक्ष्यों के बाद उक्त स्पष्टीकरण को हटा दिया गया। आंदोलन के नेतृत्वकर्ता कुणाल कुमार ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि शिक्षा, क्षेत्र के भविष्य और पारदर्शी व्यवस्था के लिए है। उन्होंने कहा कि केएसआर कॉलेज क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान है और इसे बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा। प्रस्तावित पदयात्रा 16 अगस्त को सरायरंजन से शुरू होकर पटना पहुंचेगी। समिति की मुख्य मांग है कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी रखते हुए केएसआर कॉलेज को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए और इसके लिए वैकल्पिक एवं तर्कसंगत रूट निर्धारित किया जाए। कुणाल कुमार ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# निमाणार्धीन मकान में काम कर रहे मजदूर की करंट लगने से मौत

## मुआवजे की मांग पर दो घंटे जाम रहा मुख्य मार्ग



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वारिसनगर थाना क्षेत्र के सतमलपुर पंचायत के वार्ड संख्या-4 में सोमवार को करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मजदूर निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। मृतक की पहचान खानपुर थाना क्षेत्र के रैनी गांव के वार्ड संख्या-15 निवासी आनंदू महतो के 55 वर्षीय पुत्र राम प्रताप के रूप में हुई है। बताया गया कि राम प्रताप सतमलपुर निवासी फूल हसन के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने गए थे। मकान के समीप से गुजर रहा 11 हजार वोल्ट का बिजली तार काफी नीचे झूल रहा था। काम के दौरान मजदूर अनजाने में तार के संपर्क में आ गए। तेज करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों और वारिसनगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ खानपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर बैठ गए। इसके कारण सड़क पर करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एम.एस कॉलेज में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में यूजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा, सत्र 2025-29 की परीक्षा आज दिनांक 11 अगस्त 2026 से प्रारम्भ हो गई। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एस.एन.एस कॉलेज, मोतिहारी और डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दोनों पालियों में निर्धारित समयानुसार संपन्न हुई। प्रथम पाली में गणित, रसायनशास्त्र एवं इतिहास के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें कुल 763 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। द्वितीय पाली में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू एवं प्राणीशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई, जिसमें कुल 969 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी की गई।

## क्षेत्रीय विकास परिषद, सुगौली की बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास एवं गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान पर महत्वपूर्ण चर्चा



**मोतिहारी /सुगौली/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय विकास परिषद, सुगौली की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास, गन्ना उद्योग के सुदृढ़ीकरण, किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा गन्ना उत्पादकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी मोतिहारी - सह-अध्यक्ष सौरभ सुमन यादव, क्षेत्रीय विकास परिषद सुगौली, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय विकास परिषद सुगौली, श्रीराम सिंह, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी, प्रागेंद्र गर्ग, जिला अभियंता, जिला परिषद, मोतिहारी, महाप्रबंधक, एस. आर. भारद्वाज, डी.जी.एम. (उंल्ली) सुगौली, विजय कुमार यादव, पवन राज, नागेंद्र कुमार, राजकिशोर राय सदस्य सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गन्ना किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गन्ना क्रय व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं पारदर्शी बनाने, किसानों को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करने, गन्ना क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने तथा किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। परिषद के सदस्यों द्वारा क्षेत्र में किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं, गन्ना आपूर्ति एवं क्रय व्यवस्था, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं सहित स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा इन समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि गन्ना किसान, चीनी उद्योग एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ही क्षेत्र में गन्ना उद्योग को नई गति प्रदान की जा सकती है । इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सुगौली क्षेत्र में गन्ना उद्योग को मजबूत करना, किसानों की आय एवं सुविधाओं में वृद्धि करना तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देना रहा। क्षेत्रीय विकास परिषद, सुगौली की बैठक को क्षेत्र के विकास एवं गन्ना किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है ।

## शिक्षण संस्थानों के आसपास नशे के कारोबार पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने जिले में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान' को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना तथा शिक्षण संस्थानों को नशामुक्त एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों, उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देश दिया है कि शिक्षण संस्थानों के परिसर में संचालित किसी भी अवैध दुकान को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अधीक्षक मद्यनिषेध, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों का नियमित निरीक्षण करते हुए परिसर एवं उसके आसपास संचालित अवैध दुकानों को हटाने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# समस्तीपुर में जाम से बेहाल रहा शहर, गर्मी में घंटों फंसे रहे राहगीर



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को शहर के माधुरी चौक और कई प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था चरमराई नजर आई। अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे राहगीर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करते दिखे। जाम का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर नजर आया। गर्मी में पसीने से परेशान बच्चे बसों और अन्य वाहनों में बैठे जाम खुलने का इंतजार करते रहे। शहर में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के साथ सावन की सोमवारी को थानेश्वर स्थान मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बना रहा। कई स्थानों पर वाहनों के परिचालन के लिए मार्ग में बदलाव किया गया था और पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। इसके बावजूद शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। जाम में फंसे लोगों का कहना था कि आवश्यक काम से निकले लोगों को इस दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्कूल से लौट रहे बच्चों के अलावा नौकरीपेशा लोगों, राहगीरों और बाजार जाने वाले लोगों को भी जाम के कारण समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हुई। इस दौरान लोगों के बीच रविवार को मंत्रियों के निजी कार्यक्रम के दौरान आवागमन के लिए इस्तेमाल किए गए मार्ग और पुल को लेकर भी चर्चा होती रही। लोगों का सवाल था कि आम दिनों में उपलब्ध कराए जाने वाले वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल भीड़ वाले दिनों में आम लोगों की सुविधा के लिए क्यों नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना था कि शहर में धार्मिक आयोजन और राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर पहले से बेहतर तैयारी की जरूरत है, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

## जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता के पैतृक आवास पर एसयूवी की छापामारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता हरेंद्र कुमार के पैतृक आवास पर एसयूवी की बड़ी कार्रवाई चल रही है।पातेपुर के सिमरवारा गांव स्थित उनके पैतृक आवास पर टीम ने छापेमारी की है।बताया जा रहा है कि एक साथ कई ठिकानों पर रेड चल रही है.वहीं हरेंद्र कुमार फिलहाल बांका में कार्यपालक अभियंता के पद पर तैनात हैं।तस्वीरें वैशाली के पातेपुर के सिमरवारा गांव की हैं.जहां लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता हरेंद्र कुमार के पैतृक आवास पर एसयूवी की टीम पहुंची है।अचानक हुई इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक, एसयूवी की टीम हरेंद्र कुमार से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। पातेपुर के सिमरवारा गांव स्थित पैतृक आवास पर भी टीम दस्तावेजों और अन्य सामानों की जांच कर रही है।

# डीसीएचबी कार्य के निरीक्षण को छपरा पहुंचे उप महारजिस्ट्रार

## छपरा नगर निगम एवं नगरा प्रखंड में किया स्थलीय निरीक्षण



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत तैयार किए जा रहे जिला जनगणना पुस्तिका (डीसीएचबी) के कार्यों के निरीक्षण के क्रम में सोमवार को भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय (ओआरजीआई), नई दिल्ली के उप महारजिस्ट्रार दिनेश कुमार छपरा पहुंचे। उन्होंने छपरा नगर निगम एवं नगरा प्रखंड का स्थलीय निरीक्षण कर डीसीएचबी से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दिनेश कुमार ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने तथा आंकड़ों की शुद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित चार्ज अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि डीसीएचबी केवल एक सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में योजना निर्माण, विकास परियोजनाओं एवं प्रशासनिक निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत दस्तावेज के रूप में उपयोग किया जाएगा। इसलिए इसमें संकलित जानकारी तथ्यात्मक, अद्यतन और विश्वसनीय होना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में डीसीएचबी में शामिल की जाने वाली विभिन्न सूचनाओं की पोर्टल पर की गयी इंट्री की समीक्षा की गई। इनमें ग्राम निर्देशिका का परिचय, भौगोलिक सुविधाएं, शैक्षणिक एवं चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल एवं स्वच्छता, संचार एवं परिवहन, बैंकिंग एवं ऋण संबंधी सुविधाएं, विद्युत एवं ईंधन सुविधाएं, भूमि उपयोग एवं सिंचाई, प्रमुख कृषि उत्पादन तथा विनिर्माण एवं हस्तशिल्प जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित विभागों एवं सरकारी एजेंसियों से प्राप्त सूचनाओं का राजस्व ग्राम स्तर पर परीक्षण कर उनकी शुद्धता सुनिश्चित की जाए। डीआरजी श्री कुमार ने विभागवार सूचनाओं का संकलन एक्सेल शीट में करने का निदेश देते हुए कहा कि इससे पता चल जाएगा कि कहां से सूचनाएं नहीं आई हैं। किस विभाग को वरीय पदाधिकारियों या जिलाधिकारी से फॉलोअप कराने की आवश्यकता है।

# केविवि के मीडिया विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रबोधन

## बीए-एमए, पत्रकारिता एवं जनसंचार के एकीकृत पांच वर्षीय पाठयक्रम के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रबोधन कार्यक्रम सम्पन्न



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 2026 सत्र के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने की। स्वागत उद्बोधन में विभाग के आचार्य डॉ. साकेत रमण ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विभाग एक परिवार है और आज का दिन इस परिवार का हिस्सा बनने का शुभ दिन है। पत्रकारिता जीवन मूल्यों को सहेजने और जीवन में सामाजिक सरोकारों के साथ आगे बढ़ने की यात्रा है और इसमें विभाग आपकी पूरी सहायता करेगा। विभाग के आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने अपने वक्तव्य में पत्रकारिता के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। उन्होंने विभाग में मौजूद लैब और स्टूडियो के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही डॉ. मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता की कक्षा में परस्पर संवाद आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. अरुण कुमार भगत ने स्वाधीनता संग्राम से संदर्भित करते हुए पत्रकारिता के महत्व को बताया। प्रो. भगत ने कहा कि पत्रकारिता तथ्य के माध्यम से सत्य के अन्वेषण की यात्रा है। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता उँगलियों पर गिने जाने वाले कुछ निष्ठावान और समर्पण वाले पेशों में से एक है । लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में पत्रकारिता का एक बड़ा योगदान है। उन्होंने सब नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पत्रकारिता जगत का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने पाठ्यक्रम संबंधित जानकारी दी और मीडिया के नए आयामों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने रैगिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। डॉ. झा ने कहा कि भले ही विद्यार्थियों को मीडिया के नए आयामों में करियर बनाना हो लेकिन पत्रकारिता के मूल्यों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि करियर की सफलता के साथ ही बेहतर आचरण भी आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के आचार्य डॉ. सुनील दीपक घोड़के ने किया। उन्होंने पत्रकारिता के तकनीकी पहलुओं को विद्यार्थियों को बीच रखते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। मंच संचालन शोधार्थी रुचि भारती ने किया। तकनीकी समन्वय शोधार्थी आशीष कुमार ने किया। प्रवेश सम्बंधी सूचना- मीडिया अध्ययन विभाग में बीए - एमए, पत्रकारिता एवं जनसंचार के एकीकृत पांच वर्षीय पाठयक्रम में रिक्त सीटों (ओबीसी-एनसीएल- 03, एस सी -01, एसटी-02 और सेल्फ फाइनेंस-11 सभी वर्ग के लिए ) के सापेक्ष ओपेन कॉउंसलिंग के माध्यम से आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त, 2026 है।

# मुंगेर विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित
# 762 विद्यार्थियों को मिली डिग्री, 146 मेडल से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 762 छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 146 विद्यार्थियों को पदकों से सम्मानित किया गया, जिनमें 53 को स्वर्ण (गोल्ड), 48 को रजत (सिल्वर) और 45 विद्यार्थियों को कांस्य (ब्रॉन्ज) मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय के नेतृत्व में निकाली गई विद्वत शोभायात्रा से हुआ। इसके बाद राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत के साथ समारोह की औपचारिक शुरुआत हुई। समारोह के मुख्य अतिथि नालंदा खुला विश्वविद्यालय एवं माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को अकादमिक सफलता के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि व्यक्ति के संबंधों की गुणवत्ता ही उसके जीवन की गुणवत्ता को परिभाषित करती है। सफलता के साथ संवेदनशीलता, नैतिकता और सामाजिक दायित्व का होना आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने स्वागत भाषण के साथ संस्था की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को दीक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने भूमि आवंटन, 195 शिक्षकों एवं 19 प्रधानाचार्यों की नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्तियों, पीएम उषा फंडिंग, यूट्यूब चैनल की शुरुआत तथा 600 युवा आपदा मित्रों की सहभागिता जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक के माध्यम से ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित दो वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसके निर्माण में डॉ. मंजुलाल, राज अभिजीत और हर्ष की प्रमुख भूमिका रही। परीक्षा नियंत्रक डॉ. दशरथ प्रजापति तथा विभिन्न संकायों के डीन—डॉ. राज मनोहर, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. डॉ. रंजना सिंह एवं प्रो. डॉ. भवेश चंद्र पांडे की देखरेख में डिग्री वितरण संपन्न हुआ। अंत में विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. डॉ. महेश्वर मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि मंच संचालन प्रो. डॉ. विद्या कुमार चौधरी ने किया।



## हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर निकली रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन, विधायक प्रतिनिधि एवं लोजपा नेता शंकर राय सहित मध्य विद्यालय नावकोठी और कन्या मध्य विद्यालय नावकोठी की छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय परिसर से निकली जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी तक पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर लोगों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए जागरूक किया। रैली के दौरान देशभक्ति के नारों से क्षेत्र का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने आम लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार, शिक्षक राजेश कुमार, आलोक कुमार , पवन कुमार, राजकुमार झा, तनुजा कुमारी खुशबू कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद थी। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने का संदेश दिया।

# सहयोग शिविर में लाभुकों से किया गया सीधा संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री मंगलवार को सहयोग शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों के लाभुकों से संवाद किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित एनआईसी कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी, अपर समाहर्ता विभागीय जांच महेश्वर सिंह, निदेशक, कुमारी पूजा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों के सहयोग शिविरों से जुड़े असंतुष्ट लाभुकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिले से कुल 31 आवेदनों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से 4 लाभुकों से मुख्यमंत्री द्वारा संवाद किया गया। संवाद करने वाले लाभुकों में फैजुल खातुन, पति स्व. अब्दुल बारिक, संदीप कुमार, पिता मोती लाल राय, राहुल कुमार सिंह, पिता राम श्रेष्ठ सिंह तथा विकास कुमार, पिता युगल महतो शामिल थे। वहीं, एक लाभुक शिवम ईश्वर, पिता चंद्रशेखर ईश्वर कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे। संवाद के दौरान सभी संबंधित लाभुकों ने माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनकी शिकायतों का समाधान जिला प्रशासन, बेगूसराय द्वारा करा दिया गया है तथा वे प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट हैं। लाभुकों ने अपनी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।


बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी

**नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय**

निविदा आमंत्रण की सूचना

(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

संख्या– NIT No-07/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–01.08.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करन की तिथि एवं समय :– दिनांक–14.08.2026 से दिनांक–25.08.2026 क 3:00 बजे अप0 (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. पी बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– 14.08.2026 को समय 2:00 बजे अप0 (स्थान–कार्यालय नगर परिशद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करन की अंतिम तिथि :– दिनांक–25.08.2026 समय 3:00 बज अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–27.08.2026 समय 3:30 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु. में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website: www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद, औरंगाबाद अन्तर्गत महाराणा प्रताप चौक पर Fountain, Lightining, Wall Painting, Logo कार्य। | 39,73,287.00 | 79,500.00 | 5,000.00 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 2 | नगर परिषद, औरंगाबाद अन्तर्गत DECORATIVE WELCOME TO AURANGABAD BIHAR का कार्य। | 53,38,246.00 | 1,06,800.00 | 10,000.00 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 3 | नगर परिषद, औरंगाबाद क्षत्रान्तर्गत लॉरिक चौक का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 27,27,500.00 | 54,600.00 | 5,000.00 | As Per EPROC2 | 3 माह |

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करन की अंतिम तिथि स)

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् औरंगाबाद

PR- 009627 ( B & C ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# एमडी सौरभ जोरवाल से चैंबर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने की शिष्टाचार मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान सौरभ जोरवाल के पूर्व जिलाधिकारी के कार्यकाल को भी याद किया गया। उस दौरान जिले के विकास और प्रशासन से जुड़े अनुभवों पर आत्मीय चर्चा हुई। बैठक में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार, उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति, व्यापारियों और उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण बिजली सुविधा तथा जिले में औद्योगिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक विद्युत व्यवस्था समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापार एवं उद्योग के विकास के लिए बेहतर बिजली व्यवस्था आवश्यक है। उपभोक्ताओं एवं व्यवसायियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करने से औरंगाबाद में आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि विभाग सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगा और व्यापारियों, उद्यमियों तथा आम उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं मिलेंगी।



## देव पब्लिक स्कूल में बिहार पृथ्वी दिवस का आयोजन

**भगवानपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित देव पब्लिक स्कूल सह देव क्लासेज में वन विभाग के तत्वावधान में बिहार पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत वन विभाग के कर्मी दीपक कुमार और संस्थान के शिक्षकों द्वारा परिसर में पौधारोपण के साथ हुई। इस दौरान छात्रों ने वन, जल और बिजली संरक्षण के साथ दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 :** गाड़ी संख्या 13024 (गया से हबड़ा) गया–हबड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-8, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 13024-SLR-F1-GAYA - HWH-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.08.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/2 :** गाड़ी संख्या 13697 (गया से दिल्ली) गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-8, **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 13697-SLR-F1-GAYA - DLI-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.08.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/3 :** गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई –दिल्ली) गया–नई – दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-8, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 12397-SLR-F1-GAYA - NDLS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.08.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/4 :** गाड़ी संख्या 22409(गया से आनंद विहार टर्मिनस) गया– ANVT गरीबरथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-8, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 22409-SLR-F1-GAYA - ANVT-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.08.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी। **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/5 :** गाड़ी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया– चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-8, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 12389-SLR-F1-GAYA - MAS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.08.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है :** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**

पीआर/0702/डी०डी०यू०/सीओएमएमएल/ईएएन/26–27/72


# प्रो. मंडल ने शहीद जुब्बा साहनी केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा शून्यकाल समिति के संयोजक एवं सुल्तानगंज विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने मंगलवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य, साफ-सफाई और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार और मरीजों को बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रो. मंडल ने शहीद जुब्बा साहनी केंद्रीय कारा का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को मिलने वाले भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। एम्बुलेंस, टेलीविजन, जेल रेडियो, कंप्यूटर प्रशिक्षण, साक्षरता कार्यक्रम, व्यावसायिक प्रशिक्षण, आध्यात्मिक एवं मानसिक उन्नयन कार्यक्रम, अत्याधुनिक पाकशाला तथा एचआईवी-टीबी से ग्रस्त बंदियों को मासिक सहायता भत्ता जैसी सुविधाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सानिध्य तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कारा प्रशासन द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन और पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयास संतोषप्रद हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित :डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को समेकित बाल विकास परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस सहित सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, लाभुकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, पोषण संबंधी गतिविधियों, गृह भ्रमण, बच्चों के वृद्धि अनुश्रवण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, टेक होम राशन वितरण तथा पोषण ट्रैकर पर विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पीएचडी के पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों पर चापाकल लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके लिए विभाग द्वारा प्रति चापाकल 17,000 रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि राशि का समुचित उपयोग करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाए।नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण/स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की सुविधा को लेकर भी जिला पदाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए शौचालय निर्माण के लिए सरकारी भवनों को चिन्हित किया जाए तथा संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निर्माण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभाग द्वारा प्रति शौचालय 36,000 रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने उपलब्ध राशि का उपयोग करते हुए आवश्यकतानुसार शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया।


बिहार सरकार

**सहायक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवता नियंत्रण प्रयोशाला, अरवल**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

(अल्पकालीन कोटेशन सूचना संख्या–01/2026–27)

विभागीय निर्देश के अनुपालन में अरवल जिलान्तर्गत अरवल स्थित शहरी क्षेत्र अथवा उसके आस–पास ग्रमीण कार्य विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत नवसृजित कार्यालय "जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, अरवल के संचालनार्थ कार्यालय को स्थापित किया जाना है। कार्यालय हेतु सरकारी भवन की उपलब्धता नहीं होने के कारण एक निजी भवन किराये पर लेने की आवश्यकता है, जिसके लिए निविदा कोटेशन प्रकाशन किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.08.2026 तक समय 3:00 बजे अपराह्न तक |
| कोटेशन खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.08.2026 को समय 3:30 बजे अपराह्न |
| कोटशन प्राप्ति का स्थान | ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, अरवल (कैम्प कार्यालय) |

(ई. रमण कृष्णा)
सहायक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
जाँच एवं गुणवता नियंत्रण
प्रयोशाला, अरवल

PR- 009661 (RWD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



अनु० जाति एवं अनु० जनजाति अभ्यर्थियों हेतु चालक प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर

बिहार सरकार

पूर्णतः निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

अनु॰ जाति एवं अनु॰ जनजाति कल्याण विभाग, बिहार

**बिहार महादलित विकास मिशन**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक/युवतियों हेतु चालक प्रशिक्षण–सह–यातायात शोध संस्थान, औरंगाबाद से चालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन का आमंत्रण

| क्र० | कोर्स का नाम | उम्र सीमा | योग्यता | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हल्के मोटर वाहन (LMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मैट्रिक पास/समकक्ष (II) LMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 21 दिन |
| 2 | भारी मोटर वाहन (HMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मैट्रिक पास/समकक्ष (II) LMV चलाने का परमानेंट लाईसेंस जो एक वर्ष पूर्व निर्गत हो। (III) HMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 30 दिन |

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सूचना–

(i) बिहार के सभी जिलों के पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।
(ii) प्रशिक्षण, भोजन एवं आवासन पूर्णतः निःशुल्क है।
(iii) प्रशिक्षणार्थियों का चयन निर्धारित योग्यता एवं "प्रथम आओ प्रथम पाओं" के आधार पर किया जाएगा।
(iv) उम्र की गणना दिनांक 01.07.2026 के आधार पर की जाएगी।
(v) ऑनलाईन आवेदन मिशन के वेबसाईट www.bmvm.bihar.gov.in पर किया जा सकेगा।
(vi) ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन पत्र को डाउनलोड कर वांछित कागजात (मैट्रिक, जाति, आवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, HMV/LMV लाईसेंस की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति) को संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक से निम्न पता पर भेजा जाय – "मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, द्वितीय तल, ब्लॉक– 3, सचिवालय विस्तारीकरण भवन, पटना, पिन– 800015"।
(vii) विस्तृत जानकारी के लिए अपने जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रतिनिधि (मोबाईल नं०. 9264456639) अथवा बिहार महादलित विकास मिशन के 'सहायता' के टॉल फ्री नं०– 18003456345 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि– 31.08.2026

आवेदन पत्र

पासपोर्ट आकार का फोटो

1. आवेदित ट्रेड (LMV/HMV) –
"LMV के लिए केवल कॉलम 2, 3 भरे एवं
HMV के लिए केवल 4, 5, 6 कॉलम भरे
2. LMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
3. LMV का लर्नर लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
4. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
5. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
6. HMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
7. आवेदक का नाम–
8. पिता/पति का नाम–
9. लिंग (पुरूष/महिला/थर्डजेंडर)–
10. जन्म तिथि–
11. कोटि (SC/ST)–
12. जाति–
13. आधार संख्या
14. स्थायी पता : (i) जिला–
(ii) प्रखण्ड–
(iii) पंचायत/वार्ड (शहरी क्षेत्र)–
(iv) गाँव/मोहल्ला/टोला–
(v) पिनकोड–
15. पत्राचार का पता–
16. मोबाईल संख्या–
17.

| शैक्षणिक योग्यता | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मैट्रिक/समकक्ष | | | |

दिनांक– आवेदक का हस्ताक्षर

PR No.- 009795 (B&C)D. 2026-27



प्राचार्य का कार्यालय

**OFFICE OF THE PRINCIPAL**

**राजकीय पोलिटेकनिक, किशनगंज (बिहार)**

**GOVT. POLYTECHNIC, KISHANGANJ (BIHAR)**

**Vacancy Announcement No. 01/2026-27**

बिहार सरकार

Government Polytechnic Kishanganj invites eligible candidates for NATS trainee for the following department.

| S.N. | Branch/Dept. | Qualification | No. of Vacancy | Stipend Amount per Month in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Library & Information Science | B.LIS | 01 | 15,000/- |
| 2 | Computer Science Engg. | B.Tech/B.E | 01 | 15,000/- |
| 3 | Civil Engg. | B.Tech/B.E | 01 | 15,000/- |
| 4 | Electrical Engg. | Diploma | 01 | 10,000/- |
| 5 | Electronics Engg. | Diploma | 01 | 10,000/- |
| 6 | Mechanical Engg. | Diploma | 01 | 10,000/- |

The Candidate need to appear in the walk-in-interview on 20.08.2026 (Thursday)

Reporting Time :- 11:00AM
Venue :- Government Polytechnic Kishanganj At Nazagachh, PO Churli, Via Thakurganj, PS - Kurlikot, Thakurganj, Dist.- Kishanganj, Bihar 855116
Contact Person :- Gaurav Kumar, Lecturer, Civil Engg.
Mobile No :- 8892378347

Note:-
01. It is mandatory for candidates to have valid NATS ID.
02. Candidates are supposed to come with their CV, One set for Xerox Copy of all academic as well as 03 passport size photo along with valid ID proof and all the original documents for verification.
03. Candidates must pass out Degree/Diploma in last three years.
04. There is no provision of TA/DA for interview.
05. The reservation policy is given as per Bihar Government Rules.

**Principal**
**Government Polytechnic**
**Kishanganj**

PR- 009667 (Science & Tech.) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# दूसरे बच्चे को बचाने में गयी अंकित की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के डुमरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी के 14 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार की पोखर में डूबने से मौत हो गई। अंकित सातवीं कक्षा का छात्र था। बताया जा रहा है कि दूसरे बच्चे को डूबता देख उसे बचाने के लिए अंकित ने अपनी जान की परवाह किए बिना पोखर में छलांग लगा दी लेकिन इसी प्रयास में वह खुद गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार अंकित कुमार अपने ननिहाल में आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी दौरान जेसीबी से खुदाई किए गए एक पोखर में एक बच्चा डूबने लगा। बच्चे को पानी में डूबता देखकर अंकित ने उसे बचाने का प्रयास किया। वह बच्चे को बचाने के लिए पोखर में उतर गया लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण वह खुद संभल नहीं सका और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। काफी प्रयास के बाद अंकित को पानी से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। पिता जितेंद्र कुमार और मां विभा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। अंकित कुमार की असमय मौत से डुमरा गांव में शोक की लहर है। परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत छात्र को श्रद्धांजलि दी। मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर सिंह सहित दर्जनों लोगों ने उसके निधन पर शोक जताया है।

# शहादत दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद किये गये वीर जगतपति कुमार

## प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि, पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान अंग्रेजों की गोली से हुए थे शहीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले और 1942 की अगस्त क्रांति के अमर शहीद जगतपति कुमार को उनके शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को उनके गृह जिले औरंगाबाद में श्रद्धापूर्वक याद किया गया। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) औरंगाबाद के बैनर तले शहर के नगर भवन तथा रमेश चौक के निकट स्थापित शहीद जगतपति कुमार की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ एनसीसी तथा स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को नमन किया। जीकेसी




के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर ने कहा कि शहीद जगतपति कुमार का नाम बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन के उन वीर सपूतों में लिया जाता है जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वर्ष 1942 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में देशभर में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की लहर उठी थी। इसी अगस्त क्रांति के दौरान पटना सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए निकले युवा क्रांतिकारियों के दल पर अंग्रेजी हुकूमत ने गोलियां चला दी थीं। राष्ट्रीय ध्वज को सचिवालय पर फहराने के प्रयास के दौरान जगतपति कुमार अपने छह अन्य साथियों के साथ



अंग्रेजों की गोलियों के शिकार हुए और देश की आजादी के लिए शहीद हो गए। उनका बलिदान आज भी बिहार के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद जगतपति कुमार जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि देश को आजादी आसानी से नहीं मिली बल्कि इसके लिए हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने संघर्ष किया और अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहूति दी। लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष ने कहा कि शहीद जगतपति कुमार की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय स्तर से ही बच्चों को अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों और उनके बलिदान की जानकारी दी जाए तो उनमें देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना और मजबूत होगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एनसीसी तथा स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं की भागीदारी विशेष रूप से रही। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। मौके पर अजय वर्मा, श्रीराम अम्बष्ठ, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, गणेश प्रसाद, अभय सिन्हा, रणविजय सिन्हा, मनीष सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, मधुसूदन सिन्हा, प्रेम कुमार, ब्रजमोहन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# संभावित आपदा की स्थिति में करें प्रभावी कार्रवाई : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अतिथि गृह में बाढ़ एवं सुखाड़ से संबंधित पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिले में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की गई पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आपदा की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई



सुनिश्चित की जाए। आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं उनकी तत्परता बनाए रखने के साथ-साथ आपदा प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध रूप से राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों की भूमिका जनहित एवं जनकल्याण से सीधे जुड़ी हुई है। अतः सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों तक राहत एवं सहायता पहुंचाने में विलंब नहीं होना चाहिए तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी एवं समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजनों, विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। इसी क्रम में 13वीं बिहार बटालियन (एनसीसी) द्वारा भी 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जवानों द्वारा तिरंगे के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए आमजनों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में भी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बच्चों एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके सम्मान तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है। विद्यालयों में तिरंगा आधारित गतिविधियां, रंगोली, देशभक्ति गीत एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी करें। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में 14 अगस्त 2026 को गेट स्कूल से नगर भवन तक तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी।

# क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में इशांत राज ने लाया प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के माध्यम से आयोजित जिलास्तरीय क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता-2026 में औरंगाबाद जिले के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच, भाषायी दक्षता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गौरतलब है कि बिहार राज्य के सभी सरकारी एवं संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नौंवी से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच




एवं भाषायी ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया था। जिलास्तरीय ऑनलाइन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उच्च माध्यमिक विद्यालय, जम्होर के कक्षा 11वीं के छात्र इशांत राज को 8,000 रूपये की नकद पुरस्कार राशि, मेडल, बैकपैक बैग एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उच्च माध्यमिक विद्यालय, ओबरा के कक्षा 11वीं के छात्र अंशु कुमार को 6,000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि, मेडल, बैकपैक बैग एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उच्च माध्यमिक विद्यालय, जम्होर के छात्र गणेश कुमार को 4,000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि, मेडल, बैकपैक बैग एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# विशेष अभियान में 38 लोग गिरफ्तार, 90 हजार रिकवर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी क्रम में 89 वारंट एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 1064 वाहनों की जांच की गई जिससे शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 90 हजार रूपये नकद रिकवर एवं दो बाइक बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी : कांग्रेस ने किया सुंदरकांड पाठ और हवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी मामले को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा है। औरंगाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध का अलग तरीका अपनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर की व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड पाठ और हवन का आयोजन किया। राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों को सद्बुद्धि देने और मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने मंदिर में प्राप्त दान की व्यवस्था और उसके उपयोग को लेकर उठ रहे सवालों की ओर ध्यान आकर्षित किया। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र है। ऐसे में



श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा से दिए जाने वाले चंदे और अन्य दान का इस्तेमाल पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने मंदिर में प्राप्त नकद राशि के अलावा सोना-चांदी, आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के रखरखाव, हिसाब-किताब को लेकर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण के लिए सिंधी समाज समेत विभिन्न वर्गों के श्रद्धालुओं ने बड़ी मात्रा में चांदी की ईंटें और अन्य मूल्यवान वस्तुएं भेंट की थी। उनके अनुसार इन दानों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार किए जाने और प्रत्येक दानदाता को रसीद उपलब्ध कराने की व्यवस्था होनी चाहिए थी। पूर्व विधायक ने दावा किया कि कई मामलों में दान की समुचित सूची नहीं बनाए जाने और रसीद नहीं दिए जाने की बातें सामने आई है। ऐसे मामलों से श्रद्धालुओं के विश्वास और भावनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता है। आनंद शंकर सिंह ने मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कुछ लोगों और उनके करीबियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर की वित्तीय व्यवस्था को लेकर समय-समय पर ऑडिट के दौरान भी अनियमितताओं की बातें सामने आती रही है लेकिन कथित गड़बड़ियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच और पूरे मामले में स्पष्टता लाने की जरूरत बताई।

# बज्रगृह एवं परीक्षा भवन के निर्माण हेतु भूमि का होगा चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के 29 जिलों में बज्रगृह एवं परीक्षा भवन का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। उस भवन का उपयोग विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित गोपनीय सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को बिहार के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की गई। विभिन्न चुनावों के दौरान विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बज्रगृह एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के कारण पठन-पाठन प्रभावित होता है। पृथक परिसर में बज्रगृह एवं परीक्षा भवन के निर्माण से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। साथ ही, भवन के अव्यवहृत अवधि में संबंधित विद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा इसका उपयोग पाठ्यक्रमीय एवं पाठ्येतर गतिविधियों सहित बहुउद्देशीय कार्यों के लिए किया जा सकेगा। भूखंड की न्यूनतम लंबाई 288 फीट एवं चौड़ाई 200 फीट निर्धारित की गई है। निर्मित भवन का स्वामित्व बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का होगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपर समाहर्ता, राजस्व को उपयुक्त भूमि एवं भूखंड का शीघ्र चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# आम नागरिकों के साथ करें सम्मानजनक व्यवहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय 'सहयोग कार्यक्रम के आयोजन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, निदेशक, डीआरडीए अनुपम कुमार सहित अन्य संबंधित सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया में आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक मामले का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों को प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला स्तर पर लंबित अथवा अनसुलझे मामलों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय सहयोग शिविर एक प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में चयनित आवेदकों के मामलों की सुनवाई की गई तथा संबंधित मामलों का नियमानुसार निष्पादन किया गया। बैठक में बताया गया यह शिविर विशेष रूप से उन आवेदकों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिनकी शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर संतोषजनक रूप से नहीं हो सका है।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। अंबा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को मुड़ीला मोड़ के पास से चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पुलिस को मुड़ीला मोड़ के समीप संदिग्ध बाइक सवार के होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को बाइक समेत पकड़ लिया। पूछताछ में वह बाइक के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार बरामद हीरो स्प्लेंडर बाइक कुटुंबा थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। मामले में 26 फरवरी 2026 को कुटुंबा थाना में में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर चोरी की घटना में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नुक्कड़ नाटक कर साइबर फ्रॉड से किया सचेत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार शहर के रमेश चौक एवं रामाबांध बस पड़ाव पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा साइबर ठगी, फर्जी कॉल एवं संदेश, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी तथा व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सरल एवं मनोरंजक तरीके से आमजन तक पहुंचाई गईं। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले विभिन्न तरीकों को प्रदर्शित करते हुए लोगों को सतर्क एवं सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आमजनों से अपील की गई कि वे किसी भी अनजान अथवा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ ओटीपी, पिन, पासवर्ड, बैंक खाता, एटीएम/डेबिट कार्ड, यूपीआई अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लेन-देन से पूर्व संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा वेबसाइट की विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय गोपनीयता एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने, अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट अथवा संदेश स्वीकार करने में सतर्कता बरतने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना संबंधित प्राधिकरण को देने के संबंध में भी जागरूक किया गया। साइबर ठगी का शिकार होने की स्थिति में बिना विलंब राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा संबंधित थाना अथवा साइबर थाना को इसकी सूचना देने के लिए आमजनों को प्रेरित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# स्कूली छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली, देशभक्ति के नारों से गूंजा कुटुंबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा (औरंगाबाद)।** हर घर तिरंगा 2026 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के छात्र-छात्राओं द्वारा पोषक क्षेत्र में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर निकले बच्चों ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया और लोगों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। रैली के दौरान बच्चे पूरे उत्साह के साथ वंदे मातरम, भारत माता की जय, तिरंगा झंडा अमर रहेङ्क और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे जैसे देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। बच्चों के हाथों में लहराता तिरंगा और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। विद्यार्थियों ने पोषक




क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा ध्वज अवश्य फहराएं। साथ ही अभियान के तहत तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड करने और प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा 2026 अभियान के अंतर्गत विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों से बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी राष्ट्रीयता की भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चे स्वतंत्रता संग्राम के राष्ट्रीय महत्व को समझते हैं और आजादी की लड़ाई में शहीद हुए राष्ट्रभक्तों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों में राष्ट्र, राष्ट्रीयता, संविधान और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। विद्यालय में आयोजित तिरंगा रैली और रंगोली प्रतियोगिता केवल सांस्कृतिक गतिविधियां नहीं हैं, बल्कि बच्चों को देश के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका पूनम उपाध्याय, सत्येंद्र सिंह, मो. यूसुफ आलम, कुमार कमाल फातमा, सतीश कुमार सिंह, संगीता कुमारी और शिक्षा सेवक गोपाल चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

